website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक

# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 301 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 08 अक्टूबर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# बिहार में बजा चुनावी बिगुल... छठ के बाद 2 फेज में होंगे चुनाव

## 6 और 11 नवंबर को मतदान, 14 नवंबर को मतगणना

**नईदिल्ली/पटना (एजेंसी)।** बिहार में चुनावी बिगुल बजने का इंतजार आज खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बिहार में दो चरणों में सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए मतदान कराने का फैसला लिया गया है। पहले चरण का चुनाव 6 नवंबर और दूसरे चरण का 11 नवंबर को होगा। मतगणना की तिथि 14 नवंबर तय की गई है।

भारत निर्वाचन आयोग की सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के विस्तृत कार्यक्रम की आधिकारिक ऐलान किया गया। चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई।

चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। पहले फेज की वोटिंग छठ के 8 दिन बाद होगी। सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग की तारीखें दिवाली और छठ के बाद रखने की अपील की थी।

2010 में इलेक्शन प्रोसेस 61 दिन, 2015 में 60 दिन और 2020 में 47 दिन चली थी। इस तरह पिछले 15 साल में इस बार चुनाव सबसे कम अवधि में पूरे कराए जाएंगे।

### बिहार में 40 साल बाद 2 फेज में चुनाव

बिहार में 40 साल बाद दो फेज में चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले 1985 में चुनाव 2 फेज में हुए थे। भाजपा और आरजेडी ने 2 फेज में चुनाव कराने की मांग की थी। जेडीयू ने एक फेज में चुनाव कराने को कहा था। पिछले चुनाव यानी 2020 में 3 फेज में 20 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच वोटिंग हुई थी। 10 नवंबर को नतीजे घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में 5 फेज में 12 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच वोटिंग और 8 नवंबर को नतीजे आए थे।

**बिहार चुनाव 2025**

**पहला फेज - 121 सीटें**

| नोटिफिकेशन | नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 10 अक्टूबर | 10-17 अक्टूबर | 18 अक्टूबर | 20 अक्टूबर | 6 नवंबर |

**दूसरा फेज - 122 सीटें**

| नोटिफिकेशन | नॉमिनेशन | स्क्रूटनी | नाम वापसी | वोटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 13 अक्टूबर | 13-20 अक्टूबर | 21 अक्टूबर | 23 अक्टूबर | 11 नवंबर |

**नतीजे - 14 नवंबर**

कुल सीटः 243 | बहुमतः 122 | 40 दिन की चुनाव प्रक्रिया

### ज्ञानेश कुमार ने कहा-

- **बिहार चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे-** मुख्य चुनाव आयुक्त ने ज्ञानेश कुमार ने कहा, जो सारी बातें समीक्षा में आईं। बिहार में हम सभी राजनीतिक दलों, पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों से मिले। सुरक्षाबलों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। आयोग आपको बतलाना चाहता है कि इस बार बिहार चुनाव मतदाताओं के लिए सरल, सुगम होंगे, पूरी लॉबी मतदाताओं की मदद के लिए खड़ी रहेगी, बिहार चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होंगे। इस बार का बिहार चुनाव सबसे अच्छे चुनावों में शामिल होगा। ऐसी आयोग की मंशा है।
- **वोटिंग लिस्ट में सुधार कराया जा सकता है -** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 30 सितंबर को फाइनल लिस्ट (मतदाता सूची) पब्लिश की गई है। अभी भी कोई गलती रह गई हो तो जिला अधिकारी के पास अपील की जा सकती है। साथ ही किसी का नाम छूटा हो तो नॉमिनेशन के 10 दिन पहले तक नाम जुड़वा सकता है। इसके बाद कोई भी नाम नहीं जोड़ा जा सकता है। आयोग की पूरी टीम और तीन आयुक्तों ने बिहार का दौरा किया।



## 2025 मेडिसिन का तीन वैज्ञानिकों को नोबेल प्राइज

**इम्यून सेल के हमले रोकने वाली टी-कोशिकाएं खोजीं, कैंसर-डायबिटीज के इलाज में मददगार**

**स्कॉटहोम (एजेंसी)।** साल 2025 का मेडिसिन नोबेल प्राइज मैरी ई. ब्रंको, फ्रेड राम्सडेल और शिमोन साकागुची को मिला है। इन्हें यह प्राइज पेरीफेरल इम्यून टॉलरेंस के क्षेत्र में किए गए रिसर्च के लिए दिया गया है।

- मैरी ई. ब्रंका : अमेरिकी वैज्ञानिक, जीन के काम पर रिसर्च।
- फ्रेड राम्सडेल : अमेरिकी वैज्ञानिक, इम्यून सिस्टम विशेषज्ञ।
- शिमोन साकागुची : जापानी वैज्ञानिक, टी सेल्स की खोज के लिए मशहूर।

## बंगाल के जलपाईगुड़ी में भाजपा सांसद पर हमला, सिर फूटा

- **बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटने गए थे; भीड़ का पथराव, नारे लगाए- वापस जाओ**

**जलपाईगुड़ी (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया। लोगों ने सांसद पर पत्थरबाजी की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका सिर फूट गया। खगेन, मालदा से सांसद हैं। मामला जलपाईगुड़ी जिले के दुआर्स क्षेत्र के नागरकाटा का है। भीड़ ने सांसद के साथ गए भाजपा विधायक शंकर घोष और अन्य नेताओं पर भी हमला किया। सभी बाढ़ प्रभावित इलाके में लोगों को राहत सामग्री बांटने गए थे। हमले से पहले 500 से ज्यादा लोगों ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए और सड़कें जाम कर दीं।

## सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई गवई पर हमले की कोशिश

**कोर्ट रूम में वकील ने जूता फेंका, नारा लगाया- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों के हवाले से बताया कि वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका।

हालांकि, जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया- सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। घटना के बाद सीजेआई ने अदालत में मौजूद वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने को कहा। कहा कि इस सबसे परेशान न हों। मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता। बार काउंसिल ने वकील के खिलाफ कड़ा ऐक्शन, कर लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

**16 सितंबर को सीजेआई ने कहा था- जाओ, भगवान से खुद करने को कहो-** आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार सनातन धर्म पर टिप्पणी पर नाराज था।

## संघ की 100 साल की नफरत का नतीजा...

**सीजेआई गवई पर हमले की कोशिशः खरगे, मणिकम टैगोर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) पर एक वकील द्वारा हमले की कोशिश के बाद सियासी पारा हाई हो गया है। मल्लिकार्जुन खरगे समेत कांग्रेस पार्टी के कई नेता आरएसएस और बीजेपी पर हमलावर हो गए हैं। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने इस हमले को संघ की 100 साल की नफरत का नतीजा बताया है तो वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। खरगे ने इस कट्टरता से प्रेरित हमला बताया।

## एमपी में बच्चों की मौत मामले में चार अफसर सस्पेंड

**छिंदवाड़ा में पीड़ित परिवारों से मिले सीएम, मौके से ही हटाने के दिए निर्देश**

**भोपाल / छिंदवाड़ा (एजेंसी)।** छिंदवाड़ा और बैतूल में जहरीले कफ सिरप से अब तक 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव परासिया पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सीएम इस दौरान एक बच्चे अदनान के घर पहुंचे। परिजनों से मिलने के बाद उन्होंने मध्यप्रदेश के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्य को हटा दिया। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन के उपसंचालक शोभित कोष्टा, छिंदवाड़ा के ड्रग इंस्पेक्टर गौरव शर्मा और जबलपुर ड्रग इंस्पेक्टर शरद जैन सस्पेंड करने के निर्देश दिए।

## चुनाव के ऐलान से पहले पटना में दौड़ी मेट्रो

- **अचानक सीट से उठकर बाहर का नजारा देखने लगे नीतीश; आज से कर पाएंगे सफर**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के ऐलान से पहले पटना मेट्रो की शुरुआत हो गई है। सोमवार को सीएम नीतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो से सफर भी किया। आईएसबीटी से जीरोमाइल होते हुए भूतनाथ तक गए। इस दौरान सीएम अचानक अपनी सीट से उठे और विंडो से बाहर का नजारा देखने लगे। दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा भी साथ रहे। पहले फेज में आईएसबीटी से भूतनाथ रोड के बीच 3 स्टेशन के बीच इसे चलाया जाएगा। ये ट्रैक 4.5 किमी लंबा है। किराया फिलहाल 15 रुपए होगा।

## जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में आग, 8 मरीजों की मौत

- **ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में देर रात हुआ हादसा, स्वास्थ्य मंत्री के सामने नारेबाजी, हंगामा**

### जयपुर की घटना अत्यंत दुखद - पीएम मोदी

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात आग लग गई। हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं।

रात 11 बजकर 20 मिनट पर यह आग ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर में लगी। यहां पेपर, आईसीयू का सामान और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे थे।

ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। हादसे के समय आईसीयू में 11 मरीज थे। उसके बगल वाले आईसीयू में 13 मरीज थे।

- **जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना- पीएम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है- राजस्थान के जयपुर स्थित एक हॉस्पिटल में आग लगने से हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना।
- **डिप्टी सीएम दीया कुमारी हॉस्पिटल पहुंचीं, लिया हालातों का जायजा-** डिप्टी सीएम दीया कुमारी जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचीं। अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। दीया कुमारी ने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि अस्पताल में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने इस हादसे को बेहद दुखद और पीड़ादायक बताया।
- **पूर्व सीएम अशोक गहलोत बोले- न्यायिक जांच होनी चाहिए-** पूर्व सीएम अशोक गहलोत सोमवार सुबह एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचे। यहां उन्होंने अग्निकांड के शिकार परिवार वालों से बात की।

## दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड, अब तक 28 मौतें, कई लापता

- **जम्मू-कश्मीर में स्कूल बंद, वैष्णो देवी यात्रा लगातार दूसरे दिन रद्द**

**हिमाचल के 3 जिलों में बर्फबारी, अटल टनल से सिस्सू के बीच जाम, 100 से ज्यादा गाड़ियां फंसीं**

**दार्जिलिंग/शिमला/हिमाचल (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रविवार को तेज बारिश के बाद हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 28 हो गई है। इनमें 7 बच्चे हैं। कई लोग अब भी लापता हैं। लैंडस्लाइड में कई घर बह गए। दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है।

इसके कारण हजारों पर्यटक फंसे हैं। दार्जिलिंग और कर्सियांग के बीच नेशनल हाइवे टूट गया है। मिरिक और दूधिया के पास लोहे का ब्रिज टूटने से दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी का वैकल्पिक रास्ता भी बंद है। अलीपुरदुआर में रेल ट्रैक डूबने से तीन गाड़ियां रद्द की गईं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में चाय के बागान डूब गए हैं।

इधर, जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश का अलर्ट है। इसके चलते स्कूल शिक्षा निदेशालय जम्मू ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 6 और 7 अक्टूबर के लिए बंद करने का आदेश दिया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक सस्पेंड करने की घोषणा की है।

**पहाड़ों पर आ गई पहले से सर्दियां, गुलमर्ग और हिमाचल में बर्फबारी, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में बर्फ -** उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी होने से ठंड की शुरुआत हो गयी है। वहीं हेमकुंड साहिब में भारी बर्फबारी हुई है जबकि देहरादून संहिता आसपास के क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से हवाओं में ठंडक आ गई है।

## कटक में हिंसा के बाद 36 घंटे का कर्फ्यू लागू

- **60 पुलिस पलटन तैनात, प्रशासन ने जनता से शांति की अपील की**

**कटक (एजेंसी)।** ओडिशा के कटक शहर में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। इस बढ़ती हिंसा को काबू में करने के लिए राज्य सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने कटक के 13 थाना क्षेत्रों में 36 घंटे का कर्फ्यू लगाया है। ओडिशा के कटक शहर में दुर्गा पूजा के पंडालों की मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद प्रशासन ने 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है। यह कर्फ्यू 6 अक्टूबर रात 10 बजे से 7 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक लागू रहेगा। ये कर्फ्यू भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत लगाया गया है।

### यूपी में अब सफाईकर्मियों के खाते में आएगी सैलरी, 16-20 हजार मिलेंगे

## 5 लाख तक मुफ्त इलाज, योगी ने कर्मियों पर फूल बरसाए

**वाराणसी (एजेंसी)।** सीएम योगी ने दिवाली से पहले यूपी के सफाईकर्मियों को बड़ी सौगात दी है। काशी में योगी ने कहा, सफाईकर्मियों को अब सीधे उनके अकाउंट में सैलरी मिलेगी। 16 हजार से लेकर 20 हजार प्रति माह उनके अकाउंट में पहुंच जाएगा। सीधे खाते में पैसे से अब कोई सफाईकर्मियों का शोषण नहीं कर पाएगा।

सभी सफाईकर्मियों का आयुष्मान कार्ड भी बनेगा। इसकी मदद से वह अपना 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त करा सकेंगे। उन्हें चिंतित रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीएम योगी ने कर्मियों पर फूल बरसाए।

सीएम ने कहा, दीपावली के अवसर पर हम हर स्वच्छता मित्र को, स्वच्छता कर्मी को मिष्ठान वितरण जरूर करें। हर गरीब के घर में भी एक दीया जले, हर गरीब के घर में दीपावली की मिठाई जरूर पहुंचे।

दरअसल, सीएम योगी आज 2 दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे हैं। सबसे पहले वह अन्नपूर्णा ऋषिकुल विद्यालय शिवपुर पहुंचे। उन्होंने कहा- आज यहां 250 से ज्यादा बेटियों को सिलाई मशीन दी है।

## वांगचुक अरेस्ट केस- एससी में 14 अक्टूबर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जोधपुर जेल में बंद सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से जुड़ी हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका पर जवाब मांगा है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो की याचिका में पति की एनएसए के तहत गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। साथ ही उनकी तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक टल गई है।

## पाकिस्तान बोला-चीनी हथियारों ने भारत के खिलाफ बेहतरीन काम किया

**सेना के प्रवक्ता बोले- हमने 7 फाइटर जेट्स गिराए, भारत ने एक भी नहीं**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल अहमद चौधरी ने सोमवार को कहा कि मई में भारत से संघर्ष में उनके चीनी हथियारों ने बहुत अच्छा परफॉर्मेंस दिया था। अहमद चौधरी ने यह दावा ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में किया। उन्होंने कहा किहम हर तरह की तकनीक के लिए खुले हैं। हमारी चीनी तकनीक ने बहुत अच्छा काम किया। चौधरी दावा किया कि पाकिस्तान ने 7 भारतीय फाइटर जेट्स मार गिराए थे, जबकि भारत ने एक भी पाकिस्तानी विमान नहीं गिराया।

- **भारत ने चीनी मिसाइल तबाह की थी-** पाकिस्तानी सेना के दावों के उलट भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई चीनी हथियार और डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया था। 9 मई को पंजाब के होशियारपुर जिले में एक खेत से पीएल-15ई मिसाइल के टुकड़े बरामद किए गए थे। यह मिसाइल चीन में बनी थी। इसके बाद 12 मई को वायु सेना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहली बार इसका मलबा दिखाया था।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## वैश्विक रैंकिंग फार्मूलों में निष्पक्षता और नई सोच की दिशा में कदम

दुनिया भर में किसी देश की तरक्की, उसकी नीतियों की प्रभावशीलता और प्रशासनिक दक्षता को आंकने के लिए विभिन्न प्रकार की वैश्विक रैंकिंग्स जारी की जाती हैं। ये रैंकिंग रिपोर्टें किसी देश की छवि और उसकी नीतिगत विश्वसनीयता पर गहरा असर डालती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार, व्यापारिक सुगमता, स्वतंत्रता या खुशहाली जैसे क्षेत्रों में हर साल कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और संगठन अलग-अलग सूचकांक जारी करते हैं। लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह सवाल उठने लगा है कि क्या ये सूचकांक वास्तव में निष्पक्ष हैं या फिर पश्चिमी देशों के नज़रिए से बनाए गए एकतरफा पैमानों पर दुनिया को परखा जा रहा है। भारत ने हाल ही में इसी संदर्भ में एक अहम पहल की है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (IIAS) के अध्यक्ष के रूप में भारत ने नया "इंटरनेशनल गवर्नेंस इंडेक्स" तैयार करने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम इस दिशा में एक सार्थक शुरुआत मानी जा रही है कि अब विकास और सुशासन की माप सिर्फ पश्चिमी दृष्टिकोण से नहीं बल्कि विविध सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप की जाए। वर्तमान में मौजूद अधिकतर वैश्विक सूचकांकों की सबसे बड़ी खामी यही है कि वे सभी देशों को एक ही तराजू में तौलने की कोशिश करते हैं। उदाहरण के लिए, स्वीडन, कनाडा या नॉर्वे जैसे विकसित देशों की सामाजिक संरचना और प्रशासनिक ढांचा भारत, ब्राज़ील या दक्षिण अफ्रीका जैसे विकासशील देशों से बिलकुल भिन्न है। फिर भी जब वैश्विक रैंकिंग जारी होती है, तो इन देशों की तुलना एक समान मानदंडों पर की जाती है। यह स्थिति स्वाभाविक रूप से अनुचित है, क्योंकि प्रत्येक देश की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, जनसंख्या घनत्व, आर्थिक संसाधन, राजनीतिक प्रणाली और सांस्कृतिक विविधता एक-दूसरे से पूरी तरह अलग होती है। भारत की यह चिंता केवल गवर्नेंस इंडेक्स तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य कई वैश्विक सूचकांकों पर भी यही सवाल उठाए जाते रहे हैं। उदाहरण के लिए, डेमोक्रेसी इंडेक्स, ह्यमन फ्रीडम इंडेक्स या प्रेस फ्रीडम इंडेक्स जैसे रिपोर्टों में भारत को अक्सर ऐसे आंकड़ों में प्रस्तुत किया जाता है जिससे उसकी छवि नकारात्मक रूप में उभरती है। जबकि जमीनी हकीकत इससे कहीं अधिक जटिल और विविध है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में जहां 140 करोड़ की आबादी, सैकड़ों भाषाएं और धर्म मौजूद हैं, वहां लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मापदंड पश्चिमी देशों की तरह नहीं हो सकते। इसीलिए भारत का यह सुझाव स्वागतयोग्य है कि एक नया वैश्विक गवर्नेंस इंडेक्स तैयार किया जाए जो "वन साइज फिट्स ऑल" की नीति से अलग हो।

# "पुतिन का बयान: भारत के प्रति गहरा विश्वास, आत्मनिर्भर नीति का अंतरराष्ट्रीय सम्मान"

## — भू-राजनीतिक समीकरणों में उभरते भारत की नई पहचान

दुनिया इस समय ऐसी दहलीज़ पर खड़ी है जहाँ शक्ति-संतुलन, सामरिक गठबंधन और आर्थिक रिश्तों की परिभाषाएँ हर कुछ साल में बदल रही हैं। अमेरिका और चीन के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा, यूरोप की ऊर्जा असुरक्षा, पश्चिमी प्रतिबंधों की राजनीति और यूक्रेन युद्ध जैसे घटनाक्रमों ने वैश्विक राजनीति को दोबारा नया आकार दिया है।

इसी बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति दिया गया बयान सिर्फ एक राजनैतिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और स्वायत्त नीति की खुली मान्यता है। पुतिन ने कहा कि भारत "शुद्ध आर्थिक गणना" और "अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप" निर्णय लेता है — यह एक छोटी सी बात लग सकती है, पर असल में यह उस नई विश्व-व्यवस्था की झलक है जहाँ भारत एक स्वतंत्र ध्रुव के रूप में उभर रहा है, न किसी पश्चिमी गुट का हिस्सा और न ही किसी पूर्वी गुट का।

**रूस की दिशा में बदलाव — पश्चिम से पूर्व की ओर**

सोवियत संघ के विघटन (1991) के बाद रूस ने पश्चिमी देशों के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की लगातार कोशिश की। येल्त्सिन युग से लेकर शुरुआती पुतिन शासन तक रूस की नीति यह रही कि वह अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बराबरी और सहयोग के आधार पर काम करे।

लेकिन 2014 में क्रीमिया प्रकरण और फिर 2022 में यूक्रेन युद्ध ने रूस-पश्चिम संबंधों की आख़िरी डोर भी तोड़ दी।

नाटो (NATO) का लगातार विस्तार, यूरोप की कठोर ऊर्जा नीतियाँ और अमेरिकी दबाव की राजनीति ने रूस को मजबूर किया कि वह एशिया की ओर नए रास्ते खोजे। इसी मोड़ पर भारत उसके लिए एक स्वाभाविक, स्थिर और भरोसेमंद साझेदार बनकर सामने आया। भारत न तो रूस का विरोधी रहा, न ही कभी उसके खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के पक्ष में खड़ा हुआ। यही वह रणनीतिक स्थिरता है जिसने पुतिन के मन में भारत के प्रति गहरा विश्वास पैदा किया।

**भारत-रूस संबंधों का ऐतिहासिक आधार**

भारत और रूस के रिश्ते की जड़ें सिर्फ शीत युद्ध काल में नहीं, बल्कि आज़ादी के शुरुआती दौर में ही मजबूत हो गई थीं। 1950 के दशक में जब भारत अपनी औद्योगिक आधारशिला रख रहा था, तब सोवियत संघ ने भारी उद्योग, ऊर्जा, और वैज्ञानिक तकनीक में भारत की खुलकर मदद की। भिलाई इस्पात संयंत्र, आईआईटी बॉम्बे, और अंतरिक्ष सहयोग जैसे उदाहरण आज भी उस दोस्ती की निशानियाँ हैं। शीत युद्ध के दौरान जब अमेरिका और चीन पाकिस्तान के साथ खड़े थे, तब रूस भारत के साथ खड़ा रहा। 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान रूस ने सुरक्षा परिषद में भारत के पक्ष में वीटो कर एक निर्णायक भूमिका निभाई।

यह विश्वास आने वाले दशकों में भारत-रूस संबंधों की नींव बना।

**रणनीतिक स्वायत्तता: भारत की सबसे बड़ी ताकत**

भारत की विदेश नीति का मूल दर्शन "रणनीतिक स्वायत्तता" (Strategic Autonomy) है।

इसका मतलब यह नहीं कि भारत किसी से दूरी बनाए रखता है, बल्कि यह कि वह अपने निर्णय अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप लेता है। यही नीति भारत को अमेरिका, रूस, यूरोप और जापान — सभी के साथ अलग-अलग स्तर पर सहयोग करने की आज़ादी देती है। रूस इस बात को समझता है और सम्मान करता है।

पुतिन का हालिया बयान इसी सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि "भारत का नेतृत्व बहुत सोच-समझकर निर्णय लेता है और वह किसी दबाव में नहीं झुकता।" यह रूस के लिए महज़ तारीफ़ नहीं, बल्कि यह संकेत है कि मास्को अब अपनी नीति में भारत को 'समान साझेदार' के रूप में देखता है।

यूक्रेन युद्ध और रूस की कूटनीतिक पुनर्संरचना

यूक्रेन युद्ध ने रूस को गहराई से हिला दिया। पश्चिमी प्रतिबंधों के चलते रूस को अपने आर्थिक रास्ते फिर से तैयार करने पड़े। यूरोप ने रूसी गैस और तेल पर निर्भरता घटाने की कोशिश की, लेकिन इसके जवाब में रूस ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में नए बाज़ार तलाशे।

भारत ने इस दौर में रूस का हाथ नहीं छोड़ा। जहाँ पश्चिमी देश रूसी तेल से दूरी बना रहे थे, वहीं भारत ने डिस्काउंट रेट पर रूस से तेल खरीदा और अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की। इस कदम ने भारत को वैश्विक ऊर्जा बाज़ार में नई ताकत दी — और रूस को एक स्थिर ग्राहक। यह रिश्ता "सिर्फ व्यापार" नहीं, बल्कि "रणनीतिक सहयोग" का उदाहरण है।

**रूस की 'पूर्वमुखी नीति' में भारत की भूमिका**

पुतिन के शासनकाल में रूस ने एशिया की ओर झुकाव को औपचारिक रूप से "Pivot to Asia" या 'पूर्वमुखी नीति' का नाम दिया। इस नीति का मकसद था — चीन, भारत, जापान, कोरिया और आसियान देशों के साथ संबंधों को गहरा करना। हालाँकि चीन रूस के लिए एक बड़ा आर्थिक साझेदार बन गया है, लेकिन मास्को भलीभांति जानता है कि भारत ही वह साझेदार है जिस पर वह भरोसा कर सकता है। भारत किसी भी सैन्य गठबंधन का हिस्सा नहीं है, इसलिए रूस को भारत में एक "विश्वसनीय और स्वतंत्र सहयोगी" दिखता है। रूस जानता है कि भारत का विदेश नीति दृष्टिकोण "संतुलन" पर आधारित है — वह अमेरिका के साथ QUAD में भी है और रूस के साथ BRICS तथा SCO में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। यह बहु-आयामी दृष्टिकोण भारत को 'संतुलनकारी शक्ति' (Balancing Power) बनाता है।

**रक्षा साझेदारी: पुराने भरोसे की नई ऊर्जा**

भारत-रूस रक्षा सहयोग दशकों से मज़बूत रहा है। भारत के लगभग 60–70% रक्षा उपकरण रूसी मूल के हैं।

सुखोई-30MKI, मिग-29, टी-90 टैंक, ब्रह्मोस मिसाइल जैसे कई प्रोजेक्ट दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों के उदाहरण हैं। ब्राह्मोस जैसी सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल परियोजना सिर्फ रक्षा साझेदारी नहीं, बल्कि तकनीकी विश्वास का प्रतीक है। रूस ने यह तकनीक भारत के साथ साझा की — जो वह किसी अन्य देश के साथ नहीं करता। हाल के वर्षों में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की डील ने दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और मज़बूत किया। यह डील भारत ने अमेरिका की CAATSA चेतावनी के बावजूद पूरी की — यह दर्शाता है कि भारत किसी दबाव के आगे नहीं झुकता।

**ऊर्जा, परमाणु और अंतरिक्ष: सहयोग के नए आयाम**

रूस भारत के लिए सिर्फ रक्षा साझेदार नहीं, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति का अहम स्तंभ है।

साखालिन तेल परियोजना से लेकर रोसनेफ्ट और इंडियन ऑयल की साझेदारी तक, दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में गहरे रिश्ते हैं। इसके अलावा, तमिलनाडु के कुडनकुलम परमाणु संयंत्र में रूस का योगदान भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई दिशा देता है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भी भारत और रूस का रिश्ता ऐतिहासिक है। पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा को 1984 में सोवियत यान सोयूज़ के ज़रिए भेजा गया था। आज भी 'गगनयान' मिशन में रूस तकनीकी सहयोग दे रहा है।

**डॉलर व्यवस्था से परे व्यापारिक प्रयोग**

यूक्रेन युद्ध के बाद जब डॉलर आधारित व्यापार पर प्रतिबंध और अस्थिरता बढ़ी, तो भारत और रूस ने रुपया-रूबल व्यापार तंत्र की दिशा में कदम बढ़ाए। यह प्रयोग दोनों देशों के लिए पश्चिमी आर्थिक निर्भरता से बाहर निकलने का प्रयास है।

# कफ सिरप से दवा सुरक्षा पर सवाल: सस्ती दवाओं की कीमत कहीं जान तो नहीं?

## -बढ़ती लापरवाही और जनस्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी

दवा—जिसका उद्देश्य बीमारी से राहत दिलाना होता है—कई बार खुद बीमारी का कारण बन जाती है। हाल ही में राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों से कफ सिरप पीने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने और मौत तक की घटनाएं सामने आई हैं। यह कोई पहली बार नहीं है जब दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा पर सवाल खड़े हुए हों। इससे पहले भी गाम्बिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया जैसे देशों में भारत निर्मित कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। सवाल यह है कि आखिर हमारी दवा सुरक्षा व्यवस्था में खामियां कहाँ हैं और क्यों बार-बार मासूमों की ज़िंदगियां इस लापरवाही की भेंट चढ़ती हैं?

**दवा के दुष्प्रभावों की गंभीरता को समझना जरूरी**

अक्सर आम लोगों के मन में यह धारणा होती है कि दवाओं से होने वाले दुष्प्रभाव सिर्फ़ डॉक्टर द्वारा गलत दवा या गलत खुराक लिखने के कारण होते हैं। लेकिन सच्चाई इससे कहीं गहरी है। दवा का असर और उसका दुष्प्रभाव दोनों व्यक्ति के शरीर की स्थिति, उम्र, लिंग, अनुवांशिक बनावट (जेनेटिक्स), और पहले से मौजूद बीमारियों पर निर्भर करते हैं। एक ही दवा किसी व्यक्ति के लिए रामबाण साबित हो सकती है, वहीं दूसरे व्यक्ति के लिए नुकसानदेह। उदाहरण के तौर पर बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के शरीर में दवाओं की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है। इसलिए हर दवा की मात्रा (dosage) उम्र और वजन के अनुसार तय की जाती है।

**दवा कैसे और कब दी जाए, यह भी असर तय करता है**

दवा का असर सिर्फ़ उसकी मात्रा पर ही नहीं, बल्कि देने के तरीके और समय पर भी निर्भर करता है। किसी दवा को मुंह से, जीभ के नीचे, नाक से सूंघ कर, त्वचा पर लगाकर, या इंजेक्शन के ज़रिए दिया जा सकता है। हर तरीका दवा के अवशोषण (absorption) और असर की गति को बदल देता है। अगर कोई मरीज पहले से लिवर या किडनी की बीमारी से ग्रसित है, तो दवा शरीर से बाहर

नहीं निकल पाती और ज़हर (toxicity) का रूप ले सकती है। यही कारण है कि डॉक्टर हर मरीज को एक जैसी दवा नहीं देते।

**दवा के दूषित होने का खतरा – सबसे बड़ा अपराध**

दवाओं के दुष्प्रभावों का एक बहुत बड़ा कारण है दवाओं का दूषित होना। यह दूषण (contamination) दवा के जीवन चक्र के किसी भी चरण में हो सकता है— निर्माण (Manufacturing) के दौरान, पैकेजिंग के समय, भंडारण (Storage) में, या परिवहन (Transport) के दौरान। उदाहरण के लिए, अगर कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकोल (DEG) या एथिलीन ग्लाइकोल (EG) जैसे जहरीले रसायन मिल जाएं, तो ये किडनी और लिवर को बुरी तरह नुकसान पहुंचा सकते हैं। यही वजह थी कि गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय सिरप से बच्चों की मौतें हुईं। ये रसायन सस्ते पड़ते हैं, इसलिए कुछ निर्माता इन्हें ग्लिसरीन के विकल्प के रूप में इस्तेमाल कर लेते हैं, जो कि एक जघन्य अपराध है।

**भारत में दवा निर्माण की स्थिति**

भारत को "फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड" कहा जाता है क्योंकि यह दुनिया के 200 से ज़्यादा देशों को दवाएं सप्लाई करता है। लेकिन यही ताकत हमारी सबसे बड़ी कमजोरी भी बन गई है। सस्ती दवाएं बनाने की दौड़ में कई छोटी कंपनियां गुणवत्ता मानकों (Quality Standards) की अनदेखी कर देती हैं। हालांकि भारत में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO) जैसी संस्थाएं दवा की गुणवत्ता पर नज़र रखती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनकी निगरानी बेहद कमजोर है। राज्य स्तरीय ड्रग कंट्रोल विभागों में स्टाफ की कमी, लैब की पुरानी तकनीक, और भ्रष्टाचार के कारण मिलावटखोर बच निकलते हैं। कई बार नकली या एक्सपायर दवाएं भी खुले बाजार में बिक जाती हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा खतरा**

शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में दवा सुरक्षा की स्थिति और भी चिंताजनक है। वहां डॉक्टरों की कमी के कारण कई बार केमिस्ट या झोलाछाप डॉक्टर दवाएं लिखते हैं। ये लोग बिना जांच और इतिहास जाने किसी भी मरीज को दवा दे देते हैं। अक्सर खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों में भी एंटीबायोटिक या कफ सिरप दे दिया जाता है। बच्चे और बुजुर्ग इन दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। कई बार तो पैरासिटामोल और सिरप जैसी आम दवाएं भी किडनी और लिवर पर बुरा असर डालती हैं अगर लगातार ली जाएं।

**दवा के भंडारण की लापरवाही**

बहुत से मामलों में दवाएं खराब इसलिए भी हो जाती हैं क्योंकि उन्हें गलत तापमान पर रखा जाता है।

कई सिरप और इंजेक्शन ऐसी होती हैं जिन्हें 25°C से नीचे के तापमान पर रखना जरूरी होता है। लेकिन भारत जैसे गर्म देश में कई मेडिकल स्टोर और गोदामों में ठंडा वातावरण बनाए रखने की सुविधा नहीं होती। इससे दवाओं की रासायनिक संरचना बदल जाती है और वे शरीर में विष का काम करने लगती हैं।

**दवा कंपनियों की जिम्मेदारी और पारदर्शिता**

हर दवा कंपनी की यह कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी दवाओं की गुणवत्ता, शुद्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करे। दवा निर्माण के बाद उसका क्वालिटी टेस्ट, स्टेबिलिटी टेस्ट, और फार्माकोविजिलेंस रिपोर्ट तैयार की जाती है। लेकिन भारत में कई बार यह रिपोर्ट्स या तो अधूरी होती हैं या जानबूझकर छिपा दी जाती हैं। दवा की बिक्री बढ़ाने के लिए फार्मास्यूटिकल कंपनियां डॉक्टरों पर दबाव डालती हैं, गिफ्ट्स देती हैं और प्रचार के ज़रिए गलत जानकारी फैलाती हैं। इससे मरीज तक गलत दवाएं पहुंच जाती हैं।

**नियामक एजेंसियों की भूमिका और कमियां**

भारत में दवा नियमन का जिम्मा मुख्य रूप से CDSCO और राज्य सरकारों के ड्रग्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के पास है। लेकिन इन एजेंसियों की सीमाएं स्पष्ट हैं— पूरे देश में केवल कुछ सौ इंस्पेक्टर ही लाखों मेडिकल यूनिट्स की जांच करते हैं। लैब टेस्टिंग की प्रक्रिया धीमी और पुरानी है। विदेशी निर्यात वाली दवाओं पर ध्यान ज़्यादा, घरेलू बाज़ार पर कम दिया जाता है। इसी लापरवाही के कारण कई नकली, मिलावटी या घटिया दवाएं बिना रोकटोक आम जनता तक पहुंच जाती हैं।

**दवा लेने से पहले मरीज की जिम्मेदारी**

हर व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि दवा कोई साधारण चीज नहीं है। इसे लेने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है: खुद से दवा न लें — डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी सिरप या गोली न लें। लेबल ज़रूर पढ़ें — एक्सपायरी डेट, बैच नंबर और निर्माता कंपनी का नाम देखें। लक्षणों पर नज़र रखें — अगर दवा लेने के बाद चक्कर, उल्टी, पेशाब में कमी, या सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर को बताएं। बच्चों को दवा देते समय सावधानी — बच्चों के लिए अलग सिरप या ड्रॉप्स होती हैं।

# रियल मनी गेमिंग: एक लत पर सही समय पर प्रहार

ऑनलाइन दुनिया के फैलते प्रभाव ने जहां लोगों को अनेक अवसर दिए हैं, वहीं इसने कई खतरनाक आदतों और प्रवृत्तियों को भी जन्म दिया है। इनमें सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली एक लत है — 'रियल मनी गेमिंग' यानी ऑनलाइन पैसे से खेलना। मोबाइल एप्लिकेशनों और वेबसाइटों के ज़रिए सट्टे जैसी प्रवृत्तियों ने अब आम घरों तक अपनी पकड़ बना ली थी। सरकार द्वारा 'ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन एवं विनियमन अधिनियम, 2025' के ज़रिए इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, जो न सिर्फ़ दूरदर्शी कदम है बल्कि एक सामाजिक ज़रूरत भी था।

**चमक-दमक का धोखा**

रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स ने भारतीय युवाओं को अपने जाल में फँसाने के लिए विज्ञापनों का भरपूर इस्तेमाल किया। टीवी, सोशल मीडिया, यूट्यूब, क्रिकेट मैचों और वेब सीरीज़ — हर जगह इन खेलों का प्रचार किया गया।

"घर बैठे कमाओ", "एक गेम में जीतों लाखों", "रम्मी खेलो और पाओ इनाम" जैसे वाक्य सुनते ही आम इंसान को यह एक वैध और आसान कमाई का जरिया लगने लगा। इन विज्ञापनों में आकर्षक ग्राफिक्स, खुशहाल चेहरों और नकद इनामों की बारिश दिखाई जाती थी। धीरे-धीरे यह प्रचार गांवों और कस्बों तक पहुँच गया। हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली जैसी स्थानीय भाषाओं में विज्ञापन आने लगे ताकि ग्रामीण जनता भी इससे प्रभावित हो। लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल उलट थी — ये खेल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक डिजिटल जुए का नया रूप थे। जहां कुछ लोग शुरुआती दौर में मामूली जीत हासिल कर लेते थे, वहीं अधिकांश खिलाड़ी हारते-हारते कर्ज़ में डूब जाते थे।

**लाखों लोग फंसे जाल में**

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में 6 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी रूप में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे थे। इनमें बड़ी संख्या में युवा, छात्र और गृहिणियां शामिल थीं। कई मामलों में लोगों ने अपने मोबाइल ऐप्स के ज़रिए हज़ारों-लाखों रुपये गंवा दिए। यह सिर्फ पैसे की हानि नहीं थी, बल्कि मानसिक तनाव, अवसाद, पारिवारिक कलह और आत्महत्या जैसी घटनाओं का कारण भी बन रही थी। कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और राजस्थान जैसे राज्यों से ऐसी खबरें सामने आईं कि युवक-युवतियां ऑनलाइन गेम में हारकर खुदकुशी तक कर बैठे। कुछ ने घर की बचत गंवाई, कुछ ने कर्ज़ लिया, तो कुछ ने चोरी तक का रास्ता अपनाया। ये सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदियां नहीं थीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी थीं कि यह 'डिजिटल जुआ' अब पूरे समाज को निगलने लगा है।

**सेलिब्रिटियों की जिम्मेदारी पर सवाल**

इस पूरे खेल में सेलिब्रिटीज़ और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका बेहद चिंताजनक रही।

क्रिकेटर, अभिनेता, यूट्यूबर और रियलिटी शो स्टार्स ने इन कंपनियों के लिए विज्ञापन किए। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि ये 'कौशल आधारित खेल' हैं, इनमें भाग्य का नहीं बल्कि बुद्धि का योगदान है। लेकिन यह दावा आधा सच था। 'कौशल' का तर्क देकर कंपनियां जुए और सट्टे जैसे खेलों को वैध दिखाने की कोशिश कर रही थीं। सेलिब्रिटी प्रचार से इन खेलों को वैधता और सामाजिक स्वीकृति मिल गई। आम लोगों ने सोचा — "जब अमुक खिलाड़ी या अभिनेता इसे खेल रहा है, तो इसमें गलत क्या होगा?" पर वास्तव में इन विज्ञापनों के पीछे भारी कमीशन और कॉर्पोरेट हित छिपे थे। कई कंपनियां अरबों का मुनाफा कमा रही थीं, जबकि खिलाड़ी दिवालिया हो रहे थे।

**नए कानून की आवश्यकता क्यों पड़ी**

सरकार ने जब देखा कि रियल मनी गेमिंग से सामाजिक और आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा है, तो ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 लाया गया।

इस कानून का मकसद था — ऐसे सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, जहां वास्तविक पैसे से खेल खेला जाता है। विज्ञापन और प्रचार पर रोक लगाना ताकि किसी को भ्रमित न किया जा सके। सेलिब्रिटीज़ और इन्फ्लुएंसर्स के प्रचार पर कानूनी जिम्मेदारी तय करना। इस तरह के ऐप्स को प्ले स्टोर और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाना। जो कंपनियां भारत में पंजीकृत हैं, उनके लिए लाइसेंस और पारदर्शिता मानक तय करना। यह कदम देर से जरूर आया, लेकिन बेहद ज़रूरी था।

**कानून के समर्थन में तर्क**

रियल मनी गेमिंग पर प्रतिबंध के कई समर्थक हैं, जिनका मानना है कि यह कानून समाज की भलाई के लिए आवश्यक था।

जनसुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य: ऑनलाइन जुए जैसी यह प्रवृत्ति नशे की तरह काम करती है। एक बार शुरू करने पर खिलाड़ी बार-बार कोशिश करता है कि पिछली हानि को जीत से पूरा कर ले। यही उसे लगातार और गहरे जाल में धकेल देता है।

आर्थिक सुरक्षा: गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सदस्य इन खेलों में अपनी बचत तक गंवा बैठते हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिरता टूट जाती है।

युवा पीढ़ी की रक्षा: युवा वर्ग, खासकर कॉलेज विद्यार्थी, इन गेम्स में अपना कीमती समय और ध्यान खो रहे थे। यह शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन पर विपरीत असर डाल रहा था।

कानूनी स्पष्टता: लंबे समय से यह बहस चल रही थी कि कौन सा खेल 'कौशल आधारित' है और कौन सा 'भाग्य आधारित'। अब कानून ने साफ़ संदेश दे दिया कि जहां वास्तविक धन का लेन-देन है, वह किसी भी रूप में वैध नहीं।

**विरोध करने वालों के तर्क**

स्वाभाविक रूप से, इस प्रतिबंध के बाद कई उद्योग संगठनों और निवेशकों ने विरोध जताया।

उनका कहना था — भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग तेजी से बढ़ रहा था और इससे रोज़गार के अवसर पैदा हो रहे थे। कई स्टार्टअप्स विदेशी निवेश प्राप्त कर रहे थे, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिल रही थी। सरकार को इसे पूरी तरह प्रतिबंधित करने के बजाय नियंत्रित और टैक्स के दायरे में लाना चाहिए था। कौशल-आधारित खेल जैसे शतरंज, फैंटेसी लीग या रम्मी को जुए की श्रेणी में रखना अनुचित है। हालांकि, ये तर्क अपनी जगह हो सकते हैं, पर जब किसी उद्योग का सामाजिक नुकसान उसकी आर्थिक उपलब्धियों से कहीं अधिक हो जाए, तब सरकार का कर्तव्य है कि वह हस्तक्षेप करे।

**डिजिटल जुए का मनोविज्ञान**

रियल मनी गेमिंग को समझने के लिए इसके मनोवैज्ञानिक पहलू पर नज़र डालना ज़रूरी है। ये ऐप्स इस तरह डिज़ाइन किए गए होते हैं कि उपयोगकर्ता बार-बार लौटकर आए। हर जीत पर दिमाग में 'डोपामिन' हार्मोन रिलीज़ होता है, जो खुशी और रोमांच का अहसास देता है। हारने पर भी उम्मीद रहती है कि "अगली बार जीतूंगा"। इनाम पाने की 'संभावना' दिमाग को बार-बार आकर्षित करती है, चाहे वास्तविक संभावना बहुत कम क्यों न हो। यह वही मनोविज्ञान है जो जुए, सट्टे और नशे में देखने को मिलता है।

# सूरत में 8 अक्टूबर को 'प्रवासी राजस्थानी मीट' का आयोजन- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## -राजस्थान सरकार का प्रतिनिधिमंडल सूरत के प्रवासी राजस्थानी समुदाय से करेगा मुलाकात

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 8 अक्टूबर को सूरत में आयोजित होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी मीट' में गुजरात और सूरत में रहने वाले प्रवासी राजस्थानी समुदाय से मुलाकात करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शर्मा वहां के प्रमुख उद्यमियों एवं औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों को राजस्थान में निवेश करने और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए आमंत्रित करेंगे। सूरत में आयोजित यह 'प्रवासी राजस्थानी मीट' राज्य सरकार के उस व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में निवास कर रहे प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव सुनिश्चित और सशक्त किया जा रहा है और उन्हें राज्य की प्रगति यात्रा का भागीदार बनने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यह आयोजन 10 दिसंबर 2025 को जयपुर में आयोजित 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भी किया जा रहा है। सूरत में होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी मीट' में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू-जल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता सहित राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना है। 'प्रवासी राजस्थानी मीट' के बाद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल सूरत में मौजूद फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स और पेट्रोकेमिकल्स जैसे सेक्टर्स के प्रमुख अधिकारियों से भी मुलाकात करेगा। सूरत में होने वाला यह कार्यक्रम जयपुर में 10 दिसंबर को होने वाले 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' के मद्देनजर किया जा रहा है। इस श्रृंखला में पहला कार्यक्रम दो हफ्ते पहले हैदराबाद में आयोजित किया गया था। 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' का उद्देश्य राजस्थान की विकास यात्रा में 'कनेक्ट, कोलैबोरेट एंड कॉन्ट्रिब्यूट' (Connect, Collaborate, and Contribute) के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और मजबूत करना है। सूरत में इस कार्यक्रम का आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) के सहयोग से किया जा रहा है।

# SMS अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में लगी भीषण आग, कई मौतें

## -कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कहा सरकार लोगो के स्वास्थ्य के प्रति असंवेदनशील है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह (SMS) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ICU में सोमवार देर रात भीषण आग लगने से कई निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में कई मरीज गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। इस भीषण त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए विधायक मनीष यादव ने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही और स्वास्थ्य तंत्र की दुर्दशा का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जहाँ आमजन इलाज की आस लेकर अस्पतालों का रुख करता है, वहीं सुरक्षा इंतज़ामों की अनदेखी ने जनजीवन को संकट में डाल दिया है। विधायक ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएँ इस बात का प्रतीक हैं कि सरकार के स्वास्थ्य सुरक्षा के दावे सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित हैं। इससे पहले भी एसएमएस अस्पताल में ग़लत ब्लड चढ़ाने से कई लोगो की मौतें हो चुकी है तथा हाल ही अमानक क्वालिटी की कफ सीरप से कई बच्चो की मौत हो गई परंतु पर्ची सरकार स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह है। सरकार जाँच के नाम पर हर बार खानापूर्ति कर दोषियों का बचाव करती है। विधायक यादव ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस भीषण त्रासदी की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करवाई जाए, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और सभी स्वास्थ्य संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति देने की कामना की। साथ ही, हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी प्रार्थना की।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिला कृषकों का हो रहा सशक्तीकरण

## -महिला किसानों को मिल रहा नि:शुल्क बीज

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की संवेदनशील सरकार किसानों के हित में निरंतर ठोस कदम उठा रही है। कृषि को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए सरकार का उद्देश्य न केवल उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि कृषकों को आर्थिक रूप से खुशहाल बनाना भी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि किसान आत्मनिर्भर बनें, उनकी आमदनी दोगुनी हो और कृषि को तकनीकी, प्रशिक्षण और संसाधनों से जोड़कर कृषकों को समृद्ध बनाया जाए। इसके साथ ही राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए भी कृतसंकल्पित है। इस दोहरे लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रदेश की महिला कृषकों को निःशुल्क बीज मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है। कृषि कार्य में महिलाएं बुआई से लेकर कटाई तक अहम भूमिका निभाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा महिलाओं को मूंग, मोठ, ज्वार, मक्का, बाजरा, मूंगफली और सोयाबीन की फसलों के निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए जा रहे हैं। इससे महिला कृषक उच्च गुणवत्ता की फसल प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ ही राज्य और देश की अर्थव्यवस्था में अपना अहम योगदान दे रही हैं।

# उदयपुर में 2 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत की डेकोरेटिव पोल व स्ट्रीट लाइटिंग का लोकार्पण- खर्रा

## -मंगलवार को मिलेगी 32.63 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को जैसे ही उदयपुर जिले के प्रतापनगर स्थित महिला थाना फ्लाईओवर से भुवाणा चौराहे से प्रतापनगर चौराहे तक 2 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से लगाए गए डेकोरेटिव पोल एवं स्ट्रीट लाइटिंग का बटन दबाकर लोकार्पण किया वैसे ही पूरी सड़क रौशनी से जगमगा उठी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहरवासियों को आधुनिक व सुरक्षित यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पूर्व यूआईटी चेयरमेन रविन्द्र श्रीमाली, समाजसेवी गजपाल सिंह, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, सचिव हेमेंद्र नागर समेत यूडीए अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद रहे। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि इन स्ट्रीट लाइट की लागत में 5 वर्षों का अनुरक्षण भी शामिल है। मंगलवार को कुल 32.63 करोड़ रूपये की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इन कार्यों में 7 प्रमुख सड़क निर्माण एवं 4 नाला निर्माण कार्य शामिल हैं, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और जल निकासी तंत्र मजबूत होगा।

**आवासीय योजनाओं का होगा शुभारंभ —**

आयुक्त जैन ने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुरुप 'हमारा प्रयास सबको आवास' के दृष्टिगत उदयपुर प्राधिकरण की तीन योजना यथा साउथ एक्सटेंशन सेक्टर ए में कुल 550 भूखण्ड, कलडवास (उद्यम विहार) कुल 311 भुखण्ड एवं नौहरा (नान्देश्वर एनक्लेव) में कुल 248 भूखण्ड सहित उक्त तीनों योजना में विभिन्न श्रेणी के लिए कुल 1109 आवासीय भूखण्डों की ई-लॉटरी के माध्यम से आवेदन किये जाने का शुभारम्भ किया जायेगा।

**21.19 करोड़ रूपये की लागत से सड़कों का होगा निर्माण —**

एनएच-8 बलीचा तिराहे से कुंडाल तक प्रोफाइल करेक्शन एवं डामरीकरण (7.12 करोड़) राजस्व ग्राम ढिकली में मास्टर प्लान की 60 फीट सड़क पुराना आरटीओ में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य (4.27 करोड़) प्राधिकरण की मीरा नगर योजना, भुवाणा में 100 फीट रोड जोड़ने वाली मास्टर प्लान सड़क (3.21 करोड़) कलडवास आवासीय योजना में आंतरिक सड़कें (2.90 करोड़) दक्षिण विस्तार योजना में आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य ब्लॉक सी (3.10 करोड़) आदि शामिल हैं।

# "शहरी सेवा शिविर 2025" के तहत वार्डवार कैम्प से आमजन को मिल रही राहत

## -विद्याधर नगर जोन के अंबाबाड़ी सर्किल स्थित विद्याधर नगर जोन कार्यालय में आयोजित हुआ वार्ड संख्या 24, 26, 27, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42 का शिविर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक "शहरी सेवा शिविर 2025" (मुख्य शिविर) का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को विद्याधर नगर जोन के वार्ड संख्या 24, 26, 27, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42 का शिविर अंबाबाड़ी सर्किल स्थित विद्याधर नगर जोन कार्यालय में आयोजित किया गया। वार्डवार शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। 07 अक्टूबर 2025, मंगलवार को मालवीय नगर जोन के वार्ड संख्या 135, 136, 137, 140, 141, 143, 144, 145, 146 का शिविर सामुदायिक केन्द्र, 80 फीट रोड, महेश नगर में आयोजित किया जायेगा। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने विद्याधर नगर जोन कार्यालय में सोमवार को लगाये गये वार्डवार शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आमजन से फीडबैक भी लिया। उन्होंने लाभार्थियों को जन्म प्रमाण पत्र, पट्टा संबंधी अन्य पत्र सौंपे।

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ॰ गौरव सैनी ने बताया कि "शहरी सेवा शिविर-2025" (मुख्य शिविर) के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 09:30 बजे से 06:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**शिविरों में मिल रही आमजन को तत्काल राहत-**

विद्याधर नगर जोन में चल रहे शहरी सेवा शिविर में आये लालचंद जी द्वारा NFSA (खाद्य सुरक्षा) के लिए आवेदन किया आवश्यक दस्तावेज जमा कराने के बाद शहरी सेवा शिविर में लालचंद जी का नाम खाद्य सुरक्षा की सूची में जोड़ा गया शहरी सेवा शिविर में बहुत ही कम समय में कार्य पूर्ण हो जाने पर श्री लालचंद जी ने खुशी व्यक्त की और सरकार का आभार प्रकट किया।

# हज यात्रा- 2026 के ट्रेनर्स के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हज यात्रा 2026 में चयनित हज यात्रियों को हज अरकान, व्यवस्थागत निर्देशों एवं संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के लिए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी हज ट्रेनर्स की प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के अधिशाषी अभियंता अबु सुफियान चौहान ने बताया कि ट्रेनर पद हेतु आवेदन के लिए आवेदन पत्र, आवश्यक योग्यताओं के संबंध में जानकारी तथा अन्य सूचनाएं हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति मय शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र, हज या उमराह वीजा एवं संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न कर 27 अक्टूबर 2025 तक कक्ष संख्या 1106, प्रथम तल, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर में कार्यालय समय के दौरान जमा कराना आवश्यक है। चौहान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) में 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा।

# चार बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में ग्राम बस्सी, फिसलन बिहारीपुरा में गैर मुमकिन नाले की करीब 04 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-8 में पार्श्वनाथ नारायण सिटी में 30 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी, फिसलन बिहारीपुरा के खसरा नं. 57 गैर मुमकिन नाले की करीब 04 बीघा सरकारी भूमि पर स्थानीय काष्तकारों द्वारा अतिक्रमण कर सीमेन्ट के पिल्लर, लोहे की जाली, कांटों की बाड़, झाडियां लगाकर, तारबंदी कर अतिक्रमण किये जाने की सचूना प्राप्त होने पर किये गये अतिक्रमणों को आज जोन-13 के राजस्व, तकनीकी स्टॉफ, तहसीलदार, पटवारी, स्थानीय क्षेत्र के पटवारी की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन नाले की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

# स्वच्छता ही सेवा, एक संकल्प

## -मुस्लिम युवकों ने कब्रस्तान की सफाई की

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता अभियान की श्रृंखला में चौमू के कब्रस्तान में रावण गेट नागोरियो के मोहल्ले सहित अन्य मुस्लिम युवकों ने चौमू में मोरिजा रॉड पर स्तिथ मुसलिम कब्रस्तान में साफ सफाई की व उपस्थित जन को हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए संकल्प कराया साथ ही अपने स्वयं के आवासीय क्षेत्र के साथ - साथ आस पड़ोस मोहल्ले शहर व ग्राम के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करने को कहा एवं कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन यथा खुले में कचरा ना डालकर कचरा गाड़ी में कचरा डालना, गीले एवं सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग तथा प्लास्टिक एवं इससे बनी थैलियो के प्रयोग से परहेज करते हुए तथा स्वच्छता नियमों का पालन कर शहर एवं ग्राम को संपूर्ण स्वच्छता वास्तविकता में प्राप्त करने की बात कही। इस अवसर पर जावेद लोहानी शकील चौहान सद्दाम गौरी बिट् लोहानी सैफ लोहानी चिराग लोहानी सोहिल लोहानी अय्यान लोहानी दिलशेर खान शाहबाज़ गौरी अरमान लाला सुभान अल्तमश आदि ने श्रमदान किया।

# 8 अक्टूबर को होगा ऋण मेला सह जागरूकता शिविर का आयोजन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम, भारत सरकार एवं राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के सहयोग से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जयपुर द्वारा ऋण मेला सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर बुधवार, 08 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,सेक्टर-7, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर में होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध द्वारा बताया गया कि शिविर में विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं जिला कौशल समन्वयक द्वारा व्यवसाय आमुखीकरण विषय पर व्यख्यान होगा। मोटिवेशनल ऋण अदायगी एवं बिजनेस एकाउंटिंग सिस्टम आदि विषय पर भी तकनीकी सत्र का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शिविर में विभिन्न हस्तशिल्प जैसे लाख की चुडिया, जयपुरी जूती, हैण्डमेड प्रोडेक्ट, आरा तारी आदि प्रोडेक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# कार्यग्रहण नहीं करने वाले बीएलओ को किया गया निलंबित

## - निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी किशनपोल ने जारी किये निलंबन आदेश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बरतने एवं बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जयपुर के किशनपोल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी राजेश जाखड़ ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 व धारा 13 (ग) की प्रदत्त शक्तियों के तहत एवं राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी किशनपोल राजेश जाखड़ ने बताया कि कार्यालय मुख्य अभियंता प्रशासन, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ सहायक केहुल को बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाकर कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। उक्त कार्मिक द्वारा उपस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी कर पुनः कार्यग्रहण हेतु आदेशित किया गया था। कार्मिकों द्वारा ना तो निर्वाचन कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई एवं ना ही अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्मिक द्वारा चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में, घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है। जिससे निर्वाचन का कार्य बाधित हुआ है।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त समझौता

## -योजना अंतर्गत अधिक नकद वसूली करने पर बैंक प्रशासक व वसूली प्रभारी सम्मानित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक की आमसभा में मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त समझौता योजना के अंतर्गत अधिक नकद वसूली के लिए प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक जयपुर की बैंक प्रशासक ज्योति गुप्ता एवं वसूली प्रभारी मोहन कटारा को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर बैंक के प्रतिनिधि के रूप में दिनांक 03.10.2025 को सम्मानित किया गया। राजस्थान के सभी भूमि विकास बैंकों में मुख्यमंत्री महोदय द्वारा लागू की गई यह योजना किसानों की आर्थिक मजबूती में मील का पत्थर साबित हो रही है। कटारा ने बताया कि सभी प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में इस योजना के अंतर्गत अब तक के इतिहास में सबसे अधिक वसूली का कीर्तिमान स्थापित किया गया है। कटारा ने बताया कि जयपुर जिला सहकारी भूमि विकास बैंक द्वारा 557 लाख की नकद वसूली कर 622 लाख रूपये की किसानों को राहत प्रदान की गई। सभी प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक के कर्मचारियों की ओर से वसूली प्रभारी प्रांतीय महासचिव आल राजस्थान सहकारी भूमि विकास बैंक एम्पलाइज यूनियन ने प्रदेष के माननीय मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सहकारिता विभाग में लाई जा रही ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं सहकार से समृद्धि अभियान के लक्ष्य को पूर्ण करने में सहयोगी सिद्ध हो रही है।

# पीएम स्वनिधि योजना बनी भंवर सिंह का सहारा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। "कोविड ने सब कुछ छीन लिया था, दुकान बंद हो गई और घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया था। ऐसे मुश्किल समय में पीएम स्वनिधि योजना मेरे लिए नई उम्मीद बनकर आई," यह कहना है बूंदी शहर के किराना व्यवसायी भंवर सिंह का, जिनकी जिंदगी इस योजना की मदद से वापस पटरी पर लौट आई हैं। भंवर सिंह बताते हैं कि वह कई वर्षों से किराने की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे लेकिन कोविड-19 महामारी की मार उनके व्यवसाय पर पड़ी और उन्हें अपनी दुकान बंद करनी पड़ी। आमदनी का जरिया खत्म हो जाने से उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई और परिवार का भविष्य अंधकारमय लगने लगा। ऐसे कठिन समय में उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन किया और आसानी से उन्हें पहला ऋण स्वीकृत हो गया। इस राशि से भंवर सिंह ने हिम्मत जुटाकर अपनी बंद हो चुकी दुकान को फिर से शुरू किया। धीरे-धीरे उनका काम एक बार फिर चल पड़ा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने लगा। भंवर सिंह कहते हैं, "योजना से सिर्फ आर्थिक मदद ही नहीं मिली, बल्कि हमें व्यापार बढ़ाने का नया तरीका भी सिखाया गया।" जिला परियोजना अधिकारी शालिनी जैन द्वारा उन्हें डिजिटल पेमेंट (ऑनलाइन भुगतान) की जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। इससे उनकी दुकान पर ग्राहकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई क्योंकि अब ग्राहक आसानी से डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकते थे।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# इनर व्हील क्लब बारां 305 का दीपावली व करवाचौथ स्पेशल

## -एक दिवसीय मेला उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ सम्पन्न

बारां (रॉयल पत्रिका) इनरव्हील क्लब अध्यक्षा नीतू गुप्ता ने बताया कि इनर व्हील क्लब बारां 305 द्वारा 4 अक्टूबर 2025 को अग्रवाल धर्मशाला, अस्पताल रोड, बारां में आयोजित दीपावली व करवाचौथ स्पेशल मेला ने उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर वातावरण में सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उर्मिला जैन भाया जिला प्रमुख द्वारा रिबन काटकर की गई। मंच पर दीप प्रज्वलन का कार्य मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। मधुर स्वर में त्रिशला जैन द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना ने पूरे वातावरण को भक्ति रस से भर दिय इसके बाद सभी अतिथियों का तिलक, माला, साफा और दुपट्टे से पारंपरिक स्वागत किया गया। क्लब अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इनरव्हील क्लब का उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर और प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, जिससे आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को नई दिशा मिलती है। मेले में बारां शहर के अनेक शॉप कीपर्स ने अपने स्टॉल्स मात्र ₹700 शुल्क में लगाए। करवाचौथ व दीपावली के सीजन के चलते ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी और शॉपिंग का माहौल पूरे दिन उत्सव में बदल गया। सभी व्यापारी और ग्राहक रीज़नेबल प्राइस व सेल ऑफर्स से बेहद खुश नजर आए। चार्टर प्रेसिडेंट ललिता टोंग्या ने अपने सहज और सधे हुए अंदाज़ में मंच संचालन करते हुए पूरे कार्यक्रम को रोचक और सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया। अंत में क्लब सचिव सीमा सिंह ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। आयोजन में कोषाध्यक्ष मंजू बंसल, प्रभारी बिंदु भारू एवं सुलेखा जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों और आगंतुकों ने क्लब की टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला न केवल शॉपिंग का केंद्र बना, बल्कि समाजिक जुड़ाव और महिला शक्ति का सुंदर उदाहरण भी पेश किया। क्लब की अनिता सेठी, चार्टर सेक्रेटरी मृदुला मारू, इंद्रा गालव, चन्द्रकलासेठी, त्रिशला जैन, शिल्पा गर्ग, चन्दा ठाकुरिया, सुधा गोयनका, राजश्री मेहता, प्रेरणा शर्मा, डॉक्टर नेहा गुप्ता, चारु गुप्ता, अंजू मारू ने पूर्ण सहयोग के साथ पूरे कर्यक्रम में सहभागिता निभाई।

# एआईसीसी प्रभारी ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

मोहम्मद यासीन

पाली (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी के समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता रफीक चौहान ने बताया कि आज कांग्रेस भवन पाली जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के सानिध्य में एआईसीसी द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी गीता भुक्कल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी ने कांग्रेस जनो से संबोधित करते हुए कहा कि अब वक्त है जब संगठन की मज़बूती ही हर कांग्रेस सिपाही की असली पहचान बनेगी यह अभियान बदलाव की दस्तक दे रहा है। ज़मीन से जुड़े नेता, समर्पित कार्यकर्ता और जनहित की नीति यही है कांग्रेस की असली ताक़त है। संगठन सर्जन के संदर्भ में कार्यकर्ता से रायशुमारी कर जिलाध्यक्ष पद के इच्छुक उम्मीदवारो से 20 आवेदन पत्र प्राप्त किए। आगामी दिनों में हर ब्लॉक स्तर पर संगठन सृजन अभियान होगा आवेदन की अंतिम तारीख 20 अक्टूबर है। आलाकमान को 22 अक्टूबर को रिपोर्ट पेश की जायेगी जिसमें संगठन को मजबूती के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता को मौका दिया जायेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल, विधायक भीमराज भाटी, पुर्व मुख्यमंत्री सलाहकार निरंजन आर्य, पीसीसी महासचिव शीशुपाल सिंह राजपुरोहित, पीसीसी सचिव भुराराम सीरवी, खेत सिंह मेडतिया, देवीसिंह सिसोदिया, पुर्व जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चाडवास, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, विधानसभा प्रत्याशी खुशवीर सिंह जोजावर, हरिशंकर मेवाडा, पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई, पुर्व सभापति प्रदीप हिंगड, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव नीलम बिडला, ब्लॉक अध्यक्ष पीराराम पटेल, नेहपाल सिंह सुमेरपुर, पाली देहात गणेश राम चौधरी, देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौहान, यशपाल सिंह शिवतलाव, सम्पत कूमावत, संगठन महासचिव भंवर राव, एन एस यु आई जिलाध्यक्ष विजय जोशी, जिला उपाध्यक्ष भेरुसिंह राजपुरोहित, जिला महासचिव मेहबूब टी, सुरबाला काला, रोहट प्रधान सुनीता कंवर, शीला सिंह राजपुरोहित, महिला जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोवर्धन देवासी, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, जिला प्रवक्ता रफीक चौहान, जिला महासचिव आमीन अली रंगरेज, मांगुसिंह दूदावत, मंगलाराम पटेल, मदनसिंह जागरवाल, जफर हूसैन, मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड, चेलाराम रारबडा, रघुनाथ सिंह मण्डली, रफीक बाबू गौरी, प्रकाश सोनी, जिला सचिव प्रकाश चौहान, रमेश चावला, निलेश हिंगड, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर 101 यूनिट रक्तदान करवाया

बारां (रॉयल पत्रिका) शहर में जीवन धारा ब्लड बैंक के राहुल खींची ने जन्मदिन के अवसर पर 101 यूनिट रक्तदान करवाया, जिसमें कई युवाओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। समाजसेवा का भाव लेकर राहुल ने बारां जिले में एक अलग छवि बनाई है। राहुल का कहना है कि जब कभी किसी असहाय जरूरतमंद को रक्त की जरूरत होती है तो जीवनधारा हमेशा उनकी मदद करती है। राहुल ने कहा कि आने वाले समय में हाड़ौती का एक बहुत बड़ा रक्त केंद्र बारां जिले में होगा जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की हम ज्यादा से ज्यादा मदद कर सके। राहुल ने बताया कि रक्तदान को महादान इसलिए बताया गया है कि इंसान इस संसार से अलविदा होने के बाद भी उसका रक्त दूसरों में सृजित होता रहता है।

# जयपुर में आयोजित राजस्थान बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बारां के आदिल रजा ने रचा इतिहास

बारां (रॉयल पत्रिका) बारां बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव उमेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 05 अक्टूबर रविवार को जयपुर में आयोजित समर मिस्टर राजस्थान बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बारां के आदिल रजा ने इतिहास रचा। बारां जिले के किसी भी प्रतिभागी को पहली बार मेडल मिला है। कोच शोएब खान रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करने जांच, मुआवजा प्रक्रिया में मिलेगी राहत

## -एनआईसी जिला रोल आउट मैनेजर ने किया ई- डीएआर पोर्टल लॉन्च

शब्बीर हुसैन

बारां (रॉयल पत्रिका)। पुलिस अधीक्षक जिला बारां अभिषेक अंदासू ने बताया कि अब सड़क दुर्घटना में घायल या मृतक के परिवार जनों को मुआवजा पाने में लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा सड़क दुर्घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने, जांच एवं मुआवजा प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाने के लिए ई - डीएआर (E -DAR) पोर्टल की शुरुआत की गई है। जिला बारां में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी और एनआईसी जिला रोल आउट मैनेजर त्रिदेव सेन ने पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की रिपोर्ट सीधे दर्ज होगी। जांच और आवश्यक दस्तावेज भी यही अपलोड होंगे इससे पीड़ित परिवारों को न्याय एवं मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया पहले से कहीं तेज और पारदर्शी होगी।

**ई - डीएआर पोर्टल की विशेषताएं-**

सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज होगी। बीमा कंपनियां पुलिस और परिवहन विभाग से सीधा समन्वय होगा। मुआवजा पाने में लगने वाला समय काम होगा। परिवार जनों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही एनआईसी की तकनीकी टीम भी मौजूद रही।

# डॉ. मजीद मलिक कमांडो बने राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान के प्रदेश प्रवक्ता

बारां (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान ने डॉ. मजीद मलिक कमांडो को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रिछपाल पूनिया ने यह नियुक्ति संस्थान के मुख्य संरक्षक एवं सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक जसवंत संपतराम की सहमति से की। नियुक्ति आदेश संगठन के प्रदेश सचिव सुखदेव व्यास ने जारी किए। डॉ. मजीद मलिक कमांडो, राजस्थान पुलिस के पूर्व अधिकारी रहे हैं और अपने सेवा काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए कई बार सम्मानित हो चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर संस्थान के जिला अध्यक्ष भारत सिंह, महासचिव कानसिंह रहलाई, गजराज सिंह सहित बारां जिले के पुलिस अधिकारियों एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएं दीं। संस्थान पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि डॉ. मजीद मलिक कमांडो के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।

# रैली निकाल कर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर एवं सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशानुसार आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त प्रभारी स्वीप हरीश चंद्र मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इससे पहले विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीएलओ द्वारा भरवाये जाने वाले गणना प्रपत्र एवं उसके साथ शामिल किए जाने वाले दस्तावेज के बारे में बताया गया साथ ही गणना फॉर्म को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया समझाई गई। रैली में विद्यार्थी हाथों में बैनर एवं तख्तियां लिए हुए" गणना फॉर्म भरना है, मतदान का अधिकार पाना है" जैसे नारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्ग से होकर निकले तथा मतदाताओं को एस आई आर के प्रति जागरूकता का संदेश दिया इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सीताराम गोयल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीना मिश्रा ,सीओ स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा, सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव, रामचरण मीणा, स्काउट गाइड विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों रायसुमारी से कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनेगा- जेटी कुसुमा कुमार

(फिरोज खांन वारसी)

कोटा (रॉयल पत्रिका)। एआईसीसी द्वारा नियुक्त कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक एवं तेलंगाना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जेटी कुसुमा कुमार ने गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यलय में सोमवार 6 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे ब्लॉक ए और बी की बैठक में कांग्रेस कार्यलय में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से रायसुमारी कर बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देकर जिलाध्यक्ष के आवेदन का परफॉर्मा दिए तथा अलग से जिलाध्यक्ष के समर्थन में अलग-अलग समर्थकों से कार्यलय के अलग कमरे में मिले तथा जिलाध्यक्ष के बारे में लिखत में समर्थको ने पत्र भी दिए। पर्यवेक्षक जेटी कुसुमा कुमार ने कहा कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं की रायसुमारी से जिलाध्यक्ष बनेगा राहुल गांधी ने संगठन को ओर अधिक मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान चलाया है इसी के तहत अध्यक्ष बनेगा। ब्लॉक ए और बी की बैठक में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, कोटपुतली से पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, प्रभारी विरेन्द्र सिंह झाला उपस्थित रहे। महासचिव डॉ. विजय सोनी ने बताया कि 8 अक्टूबर बुधवार को कल प्रातः 11 बजे लाडपुरा ए ओर बी की तथा दोपहर 3.30 बजे कोटा उत्तर ए ओर बी की बैठक रखी गयी है।

# डॉ. सुमीत गर्ग बने राजस्थान चैप्टर के निर्विरोध वाइस चेयरमैन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर ने एक बार फिर गौरव का परचम लहराया है। बीकानेर में आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) राजस्थान चैप्टर की एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक में सवाई माधोपुर स्थित गर्ग हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. सुमीत गर्ग को निर्विरोध रूप से एपीआई राजस्थान चैप्टर का वाइस चेयरमैन चुना गया। डॉ. सुमीत गर्ग सवाई माधोपुर जिले के पहले ऐसे चिकित्सक हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित पद के लिए चुना गया है। उनका चयन न केवल जिले बल्कि पूरे पूर्वी राजस्थान क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सवाई माधोपुर में होगा राजस्थान के फिजिशियनों की सबसे बड़ी वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन :— बैठक के दौरान एग्जीक्यूटिव कमिटी ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया। राजस्थान के फिजिशियनों की सबसे बड़ी वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस राज-एपिकॉन, 2026 (राज-एपिकॉन-2026) का आयोजन आगामी वर्ष 2026 में सवाई माधोपुर में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए डॉ. सुमीत गर्ग को कॉन्फ्रेंस का ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन नियुक्त किया गया है। राज-एपिकॉन कॉन्फ्रेंस में हर वर्ष देशभर से लगभग 1500 से 2000 चिकित्सक, विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और शोधकर्ता भाग लेते हैं। यह पहली बार होगा जब इतनी बड़ी वैज्ञानिक और शैक्षणिक कॉन्फ्रेंस सवाई माधोपुर की धरती पर आयोजित की जाएगी। एग्जीक्यूटिव कमिटी के सभी सदस्यों ने डॉ. सुमीत गर्ग को उनके निर्विरोध निर्वाचन पर हार्दिक बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सवाई माधोपुर में आयोजित होने वाली राज-एपिकॉन, 2026 एक अविस्मरणीय और उत्कृष्ट कॉन्फ्रेंस सिद्ध होगी।

# शरद पूर्णिमा पर खीर के साथ दी गई दुर्लभ आयुर्वेदिक औषधि, 3300 रोगियों ने लिया लाभ

## -45 वर्षों से चोपदार परिवार कर रहा है सेवा

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को वारिसपुरा रोड स्थित डॉ. सलाउद्दीन चोपदार फाउंडेशन की ओर से आयोजित विशेष दवा वितरण कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए करीब 3300 रोगियों ने खीर के साथ दुर्लभ आयुर्वेदिक औषधि का सेवन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चंचलनाथ टीले के महंत ओमनाथ महाराज ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि "आयुर्वेद में हर बीमारी का रामबाण इलाज छिपा है, बस ज़रूरत है इसके प्रचार-प्रसार और विश्वास की।" उन्होंने आगे कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में भी आयुर्वेदिक उपचारों ने कारगर भूमिका निभाई थी। महंत ओमनाथ महाराज ने स्व. डॉ. सलाउद्दीन चोपदार द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका परिवार आज भी इस परंपरा को न केवल जीवित रखे हुए है, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा स्थापित डॉ. एस.डी. चोपदार आयुष हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का भी अवलोकन किया और विश्वास जताया कि यह संस्थान शेखावाटी अंचल का श्रेष्ठतम आयुर्वेदिक केंद्र बनेगा। फाउंडेशन के संयोजक व समाजसेवी एमडी चोपदार ने बताया कि इस बार कार्यक्रम को विशेष रूप से आयुर्वेद चिकित्सकों की निगरानी में आयोजित किया गया, जिसमें 500 किलो दूध और ड्राई फ्रूट्स से युक्त खीर तैयार करवाई गई। इस खीर के साथ विशेष दुर्लभ आयुर्वेदिक औषधि का सेवन करवाया गया, जो खासतौर पर दमा, श्वास रोग और एलर्जी जैसे असाध्य माने जाने वाले रोगों में लाभकारी है। चोपदार ने बताया कि यह आयोजन अब केवल दवा वितरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के रूप में हर साल और भी भव्यता से मनाया जाएगा। इस मौके पर साजिद दीवान, डॉ. हिमांशु, डॉ. स्वास्तिका, डॉ. सारांश, पंडित मुकेश, मनवर दीवान, इरफ़ान खान, इमरान फारुकी, इमरान चौहान, अमित जांगिड, प्रवीण शर्मा, अब्दुल जब्बार, सादिक अली, आबिद, आदिल, उमर, अनुपम मिश्रा, इस्तियाक कुरैशी, सांवत सिंह, मो. राहू,उपस्थित रहे।

# एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (AMP) द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की

कोटा (रॉयल पत्रिका)। एएमपी कोटा चैप्टर हेड का स्वरोजगार हेतु प्रोग्राम वाईजीएन कॉलेज विज्ञान नगर कोटा में आयोजित किया गया। एएमपी क्लस्टर हेड सिराज अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वरोजगार हेतु तीन चयनित महिलाओं को दो अंब्रेला मशीन एवं एक जूकी मशीन एएमपी इंडिया द्वारा दी गई। उन्होंने बताया एएमपी रोजगार हेतु महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस वर्ष अभी तक बीस महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देकर ग्यारह मशीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। सिराज अहमद अंसारी ने बताया कि एएमपी द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाती है साथ ही पिछले कुछ महीने पहले एएमपी द्वारा जॉब फेयर भी कोटा में लगाया गया था, जिसमें तकरीबन 130 व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ा गया इसी के साथ ही एएमपी द्वारा गरीब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से भी जोड़ा जाता है। वर्ष 2025 में AMP द्वारा नीट और जेईई के विद्यार्थियों को टेलेंट सर्च के माध्यम से उनका सलेक्शन करके विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग दी जा रही है। प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथि वाई जी एन एजुकेशन ग्रुप के अध्यक्ष अरशद अंसारी ने एएमपी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह लोगों को रोजगार से जोड़ना और लोगों की मदद करना बड़ा नेक कार्य है शिक्षा को बढ़ावा देने से समाज का विकास होता है और लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना यह बहुत ही अच्छी पहल है। प्रोग्राम में सिराज अहमद अंसारी, सोहेल खान, अब्दुल मजीद अंसारी, सलीम अब्बासी, रिज़वानुद्दीन अंसारी उपस्थित रहें।

# पेरामेडिकल प्रिंसिपल डॉ. जी. एल. डाड को मिला "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड"

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की चिकित्सा और फॉरेंसिक मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विख्यात डॉ. जी. एल. डाड को राजस्थान एकेडमी ऑफ फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी (RAFMT) द्वारा प्रतिष्ठित "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें RAJFMTCON-25 के अवसर पर व्यास मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जोधपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में प्रदेशभर के वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षाविद और मेडिकल विशेषज्ञ मौजूद रहे। गीतांजली हॉस्पिटल के पेरामेडिकल प्रिंसिपल डॉ. डाड ने अपने लंबे करियर में मेडिकल एजुकेशन और फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे अपने उत्कृष्ट ज्ञान, अनुशासन और समर्पण के लिए पूरे देश में सम्मानित नाम हैं। उनकी सेवाओं ने न केवल अनेक विद्यार्थियों को प्रेरित किया है, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में शोध और शिक्षा के नए मानक स्थापित किए हैं। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय जोगा राम पटेल, विधि, न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री, डॉ. दीपाली पाठक (आयोजन सचिव) एवं डॉ. पी. सी. व्यास (Organising Chairman, RAJFMTCON-25) ने संयुक्त रूप से यह सम्मान प्रदान किया और कहा कि "डॉ. डाड जैसे वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सा समुदाय के लिए प्रेरणा स्तंभ हैं।" गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर डॉ. डाड को हार्दिक बधाई दी है और इसे संस्था के लिए सम्मान का विषय बताया है।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले यात्रियों को राज्य सरकार देगी एक लाख रुपए प्रति यात्री अनुदान

## -तीस नवंबर तक करना होगा आवेदन

बीकानेर (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा करवाई जाने वाली 'कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025' के लिए राज्य सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा राज्य के 100 तीर्थ यात्रियों को यात्रा पूर्ण करने के पश्चात अधिकतम एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। देवस्थान विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ने गितेश मालवीया ने बताया कि जुलाई से सितंबर के मध्य यह यात्रा संपन्न करने के पश्चात अगले दो माह में 30 नवंबर तक इसके लिए आवेदन किया जा सकेगा। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना का लाभ राजस्थान के स्थाई मूल निवासियों को देय होगा। कैलाश मानसरोवर की यात्रा विदेश मंत्रालय के माध्यम से की जानी होगी तथा यात्रा समाप्ति के पश्चात विदेश मंत्रालय द्वारा सफलतापूर्वक यात्रा संपन्न करने का प्रमाणीकरण संलग्न किया जाना होगा। जीवन काल में एक

बार ही अनुदान राशि प्राप्त करने की पात्रता होगी। उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा के आवेदन की प्रक्रिया विदेश मंत्रालय के माध्यम से संपादित की जाएगी। देवस्थान विभाग से अनुदान के लिए आवेदन ऑनलाइन होगा। ऑफलाइन की स्थिति में सहायता अनुदान के लिए आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड कर सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवाना होगा। आवेदन की ऑफलाइन प्रक्रिया तभी मान्य होगी, जब इसके लिए विशेष निर्देश जारी होंगे। यदि निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो लॉटरी (कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ ऑफ लॉट्स) के माध्यम से यात्री का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति, पासपोर्ट (मय स्थाई पते) की प्रमाणित फोटो प्रति, यात्रा संबंधित वीजा सील अथवा अंकन की प्रमाणित फोटो प्रति, विदेश मंत्रालय से सफलतापूर्वक यात्रा संपन्न करने के प्रमाण पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति, आधार कार्ड अथवा मतदाता पहचान पत्र की फोटो प्रति संलग्न करनी होगी।

# गंगनहर प्रणाली की जिला स्तरीय रेगुलेशन कमेटी की बैठक आयोजित

श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। जिला जल वितरण समिति, गंगनहर प्रणाली की जिला स्तरीय रेगुलेशन कमेटी की बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में किया गया। जल संसाधन वृत के अधीक्षण अभियंता धीरज चावल द्वारा बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों को अवगत करवाया कि प्रतिवर्ष भाखडा ब्यास प्रबन्धन मण्डल द्वारा 21 सितम्बर को पानी की उपलब्धता के आधार पर डिप्लीशन अवधि का शेयर निर्धारित किया जाता है एवं इस वर्ष 21.09.2025 से 20.05.2026 तक गंगनहर प्रणाली हेतु पानी का शेयर 3,65,500 क्यूसेक डेज आवंटित हुआ है। इस आवंटित क्यूसेज डेज का दस दिवसीय विभाजन के तीन प्रस्तावित प्रस्ताव पर विस्तृत विचार-विमर्श करने के उपरान्त सर्वसम्मति से उचित प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा

सहमति व्यक्त की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि यदि पानी में बढ़ोतरी होती है तो उसी अनुसार दस दिवसीय विभाजन में आनुपातिक रूप से बढ़ोतरी की जायेगी। अधीक्षण अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फिरोजपुर फीडर के पुर्ननिर्माण हेतु पंजाब द्वारा निविदा की कार्यवाही की जा रही है जोकि शीघ्र पूर्ण कर इसी वित्तीय वर्ष में बंदी लेकर पंजाब द्वारा कार्य प्रारम्भ किया जाना संभावित है। कार्य 35 से 45 दिन में किया जायेगा। फिरोजपुर फीडर के पुर्ननिर्माण के दौरान गंगनहर में पानी की आपूर्ति हेतु वैकल्पिक उपायों पर चर्चा करते हुए तत्समय की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सर्वश्रेष्ठ उपाय के माध्यम से गंगनहर में अधिक से अधिक पानी प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा। अधीक्षण अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि फिरोजपुर फीडर में लगभग 35-45 दिन बंदी रहेगी। इस 45 दिन की बंदी के लिए कौनसा समय उपयुक्त रहेगा, इस बारे में उपस्थित प्रतिभागियों से एकराय जानने पर एकमत ना होने के कारण जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा आगामी सात दिवस में काश्तकारों से चर्चा कर बंदी की अवधि के बारे में अवगत कराने के बारे में अवगत कराया गया।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान खाद्य सुरक्षा दल की छापा मार कार्यवाही

## -खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

धोलपुर (रॉयल पत्रिका)। आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम द्वारा पंजाब पनीर पर छापा मारकर 6 नमूने मावा के तथा दो दो नमूने क्रीम, घी, पनीर व मिश्रित दूध के लिए। साथ ही 120 किलोग्राम घी को अग्रिम कार्रवाई हेतु जप्त कर विक्रेता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्दगी दी गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# न्यून प्रगति वाले कार्यों में लाएं तेजी- जिला कलक्टर सिंह

## -साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

डूंगरपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बजट घोषणाओं एवं अन्य विभागीय योजनाओं में चल रहें कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को जिला परिषद की ईडीपी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को विभाग बार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पीएचईडी विभाग में पेयजल वितरण व्यवस्था, हैंड पंप एवं ट्यूबवेल, पीडब्ल्यूडी द्वारा बजट घोषणाओं के अंतर्गत कार्य प्रगति, नान पैचेबल एवं पैचेबल सड़क कार्य , एसडीआरएफ के अंतर्गत कार्य, अटल गौरव पथ आदि की समीक्षा करते हुए डिविजन वाइज प्रगति कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एवीएनएल विभाग को दीपावली से पूर्व ही मेंटेनेंस कार्य पूर्ण करने

के निर्देश दिए। साथ ही कृषि कनेक्शन, ट्रांसफार्मर बदलने, पीएम सूर्य घर योजना, बजट घोषणा अंतर्गत कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग में जर्जर भवन के एस्टीमेट सहित प्रस्ताव भिजवाने, जल संसाधन विभाग को सभी बांधों का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करवाते हुए दिनांक, वार विस्तृत रिपोर्ट भेजने, चिकित्सा विभाग द्वारा चल रहे सिविल कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भिजवाने, टीएडी विभाग को आदि कर्म योगी योजना की प्रगति भेजने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को छात्रावासों का निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने, सहकारिता विभाग को सहकार सदस्यता अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करने आदि निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान टूल किट वितरण योजना में प्राप्त आवेदनों एवं निस्तारण की जानकारी ली। श्रम अधिकारी ने बताया कि योजना अंतर्गत अबतक 76 आवेदन स्वीकृत करते हुए कुल एक लाख 52 हजार रुपए राशि से लाभार्थियों को लाभांवित किया गया है तथा शेष आवेदन भी सत्यापन प्रक्रियाधीन है, जिनका शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएगा।

# माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार आमजन को करें योजनाओं से लाभान्वित

## -मुकेश ऑडिटोरियम में आयोजित शहरी सेवा शिविर का जिला कलक्टर ने किया अवलोकन

श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित हो रहे शहरी सेवा शिविर 2025 के तहत सोमवार को मुकेश ऑडिटोरियम श्रीगंगानगर में आयोजित शिविर का जिला कलक्टर डॉ. मंजू द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि शिविर में आने वालों को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाये। शिविर अवलोकन के दौरान जिला कलक्टर द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आमजन की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनका निस्तारण किया जाये। समस्याओं को निस्तारित कर आमजन को राहत पहुंचाई जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र को लाभान्वित किया जाये। शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि शिविर

में आने वाले नागरिकों को राहत पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए समस्त विभागों के कार्मिक संवेदनशीलता के साथ शिविर में आने वालों की समस्याओं का निस्तारण करें। इस दौरान उन्होंने आमजन से भी बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भर में आयोजित हुए शहरी सेवा शिविरों में आम जन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। प्रदेश में 17 सितम्बर से आयोजित इन शिविरों के माध्यम से शहर में रहने वाले नागरिकों के जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, पट्टे, नामान्तरण, ट्रेड लाइसेंस, ऋण स्वीकृति एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ जैसे कार्य त्वरित और पारदर्शी रूप से पूरे किए जा रहे हैं। साथ ही सड़कों, नालियों और सीवर लाइन की मरम्मत तथा सार्वजनिक स्थानों का सौंदर्यीकरण व लाइटें लगाने आदि जैसे जनोपयोगी कार्य भी प्राथमिकता से किये जा रहे हैं।

# समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत जन चेतना दिवस मनाया

## -नशे के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के समाज कल्याण सप्ताह के तहत सोमवार को टांटिया यूनिवर्सिटी परिसर स्थित जेआर टांटिया चेरिटेबल नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में जन चेतना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक वीरेंद्रपालसिंह ने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है। समाज को ही इसका प्रतिकार करना होगा। इससे कई घरों का नाश हो चुका है। उन्होंने केंद्र में भर्ती युवाओं से इस बुराई को त्याग कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने और परिवार का पालन पोषण करने का आह्वान किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. पवन सैनी ने कहा कि नशा बुराइयों की जड़ है। हमें नशे का त्याग कर स्वस्थ समाज का निर्माण करना चाहिए। डॉ. अंकुश शर्मा ने नशा मुक्ति केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी। इससे पहले राजकुमार जैन ने सभी का स्वागत किया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर नितेश वर्मा, काउंसलर विकास रांगेरा, डॉ. हेमंत सहारण और सतीश वधवा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मंच संचालन डॉ. पीसी आचार्य ने किया। नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती रहकर इलाज प्राप्त कर रहे एक युवक का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया।

# सचिव रेखा यादव ने केसर महारानी मैमोरियल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान का निरीक्षण किया

धोलपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा केसर महारानी मैमासेरियल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान जिला चिकित्सालय में स्थित पालना गृह का निरीक्षण किया। साथ ही राजकीय संप्रेषण एवं बाल गृह में स्थित पालना गृह का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केसर महारानी मैमोरियल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जिला चिकित्सालय में एक पालना गृह संचालित मिला। पालना गृह निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो रहा है। हॉस्पीटल इंचार्ज ने बताया कि पालना गृह में 1 जनवरी 2024 से आज तक एक भी बच्चा नहीं छोड़ा गया था। निरीक्षण के दौरान पालना गृह में कोई भी बालक उपस्थित नहीं मिला एवं पालना गृह के पास ही कुपोषित उपचार केंद्र भी उपस्थित है। निरीक्षण दौरान हॉस्पीटल इंचार्ज ने बताया कि अगर कोई

बालक छोड़कर जाता है तो उस पालना गृह में दो मिनट के अंदर घंटी बज जाती है एवं पालना गृह में कोई भी सीसीटीवी उपलध नहीं है जिस कारण बच्चा छोड़ने वाले की जानकारी गुप्त रहती है और अगर कोई बच्चे को पालना गृह में छोड़ते हैं तो हॉस्पीटल में उस बच्चे को जैसी भी जरूरत है इलाज के लिए हो तो बच्चे का इलाज किया जाता है इलाज की जरूरत नहीं होने पर बाल कल्याण समिति को सुपुर्द कर दिया जाता है एवं इंचार्ज ने बताया कि अतिकुपोषण बच्चों का भी फ्री में इलाज किया जाता है जिसमें उन बच्चों को भोजन, पानी, नाश्ता फ्री में दिया जाता है साथ ही अगर उनकी मां वहां रहना चाहती हो तो उनकी मां को प्रतिदिन 225 रुपए भी दिए जाते है। इसी प्रकार राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह में एक पालना गृह संचालित है। पालना गृह निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो रहा है। पालना गृह इंचार्ज ने बताया कि पालना गृह में 1 जनवरी 2024 से आज तक एक बालिका शिशु प्राप्त हुई थी जिसका केन्द्रिय दत्तकग्रहण विनिमय अधिनियम के तहत निर्धारित अवधि में दत्तकग्रहण में दिया जाकर पुनर्वास कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान पालना गृह, गार्ड रूम में स्थित था एवं इंचार्ज ने बताया कि पालना गृह में अगर कोई बच्चा छोड़ जाता है तो पालना गृह में घंटी बज जाती है जो कि राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह में स्थित गार्ड रूम में स्थित है। निरीक्षण दौरान घंटी खराब पाई गई।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं, पेयजल परियोजनाओं में देरी ना हों-जिला कलक्टर

बूंदी (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन से जुड़ी आवश्यक सेवाओं और विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों की पेंडेंसी को शीघ्र समाप्त करने और पेयजल परियोजनाओं को समय पर पूरा कर जनता को राहत देने के निर्देश दिए। यह निर्देश जिला कलक्टर गोदारा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, उन्हें तत्काल धरातल पर शुरू किया जाएं। सीडब्लूपीएमएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ण हो चुके कार्यों की जानकारी तुरंत पोर्टल पर अपडेट की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

**पेयजल परियोजनाओं को समय पर पूरा करें-**

जिला कलक्टर ने आरयूआईडीपी द्वारा संचालित पेयजल परियोजनाओं की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य पूरे हो चुके हैं, उन्हें बिना किसी देरी के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को हस्तांतरित किया जाएं। उन्होंने कहा, "जिन परियोजनाओं का काम अभी अधूरा है, उन्हें युद्धस्तर पर पूरा करवाएं ताकि शहरवासियों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।" बैठक में मौसमी बीमारियों की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करवाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हो सके। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# केन्द्रीय मंत्री चौधरी करेंगे जिले में विकास कार्यों की समीक्षा

## -जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक बुधवार को

मदनगंज किशनगढ़ (रॉयल पत्रिका)। केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी बुधवार 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे अजमेर जिले में विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा करेंगे। चौधरी रीट सभागार में आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेंगे। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक का उद्देश्य सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, उनकी जमीनी स्थिति का आकलन एवं बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है। इनमें ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा, एनआरएलएम, डीडीयू-जीकेवाई, पीएमजीएसवाई, एनएसएपी, पीएमएवायजी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, आरसेटीआई और सांसद आदर्श ग्राम योजना सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजनाएँ, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केन्द्र योजना, किसान कॉल सेंटर, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रति बूंद अधिक फसल पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

जालोर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए मरीजों को सुविधापूर्वक इलाज सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर आमजन के लिए उपलब्ध जांच सुविधाएँ, टीकाकरण सुविधा, संस्थागत प्रसव सुविधा, जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना कि वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा मानसून पश्चात संभावित मौसमी बीमारियों

की रोकथाम हेतु नियमित रूप से एंटी लार्वा एक्टिविटी व एलएमओ का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नर्मदा प्रोजेक्ट के अधिकारियों से जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत एफआर, डीआर, ईआर, सीलू जैसला भाटकी परियोजना की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए हर घर जल योजना के तहत अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को एफएचटीसी कनेक्शन देने एवं पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

# सेवा पखवाड़ा 2025 मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर शहरी क्षेत्रों में होंगे शिविर आयोजित

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। सेवा पखवाड़ा 2025 के अन्तर्गत जिले के शहरी क्षेत्रों में मंगलवार 6 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि मंगलवार को अजमेर में वार्ड संख्या 60 से 63 के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलचंद संकलेचा जयपुर रोड में, केकडी में वार्ड संख्या 29 से 32 के लिए कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय के पास में, किशनगढ़ के वार्ड संख्या 41 से 42 के लिए नगर परिषद मुख्य कार्यालय में, नसीराबाद के वार्ड संख्या 13 से 14 के लिए अम्बेडकर भवन में, पीसांगन के वार्ड संख्या 22 से 23 के लिए कार्यालय परिसर नगरपालिका में, पुष्कर के वार्ड संख्या 14 से 16 के लिए नगर परिषद कार्यालय में, सावर के वार्ड संख्या 15 के लिए नगर पालिका कार्यालय में तथा टांटोटी के वार्ड संख्या एक से 2 के लिए फॉलोअप कैंप नगर पालिका कार्यालय में शहर चलो अभियान 2025 के शिविर लगाए जाएंगे।

# यहां लगेंगे नगरीय क्षेत्रों में सेवा शिविर

बूंदी (रॉयल पत्रिका) । जिले के नगरीय क्षेत्रों में शहरी सेवा शिविरों का क्रम जारी हैं। इसी क्रम में नगर परिषद क्षेत्र बूंदी में 7 व 8 अक्टूबर को वार्ड नम्बशर 23, 24,25, 26,27 के लिए नवीन नगर परिषद कार्यालय के पास, लाखेरी नगर पालिका क्षेत्र में 7 अक्टूबर को वार्ड संख्या 23 व 24 के लिए पुरानी अदालत भवन नयापुरा, हिण्डोली नगर पालिका में वार्ड संख्या 16 के लिए नगरपालिका कार्यालय हिण्डोली में, इन्द्र गढ नगर पालिका में वार्ड संख्या 15 के लिए नगर पालिका कार्यालय परिसर इन्द्र गढ में, नगर पालिका देई में वार्ड संख्या 16 के लिए नगरपालिका कार्यालय देई में, नगर पालिका केशवरायपाटन में वार्ड संख्या 15 व 16 के लिए नगर पालिका कार्यालय में, नगर पालिका कापरेन में वार्ड संख्या 16 के लिए नगर पालिका परिसर कापरेन में तथा नगर पालिका नैनवां में वार्ड संख्याल 15 के लिए नगरपालिका कार्यालय नैनवां में शिविर लगाए जाएंगे।

# उर्वशी रौतेला से लेकर पूनम पांडे तक, इन सेलेब्स के आउटफिट्स और अदाओं ने फैंस का खींचा ध्यान

इन दिनों मुंबई में एक फैशन इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आज रविवार के दिन उर्वशी रौतेला, पूनम पांडे से लेकर एलनाज नौरोजी जैसे तमाम सलेब्स ने हिस्सा लिया। उनके रैंप वॉक के वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। सपनों के शहर मुंबई में एक फैशन इवेंट चल रहा है, जहां कई सेलेब्स जलवा बिखेरते नजर आ रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इसमें उर्वशी रौतेला, पूनम पांडे जैसे सेलेब्स खूबसूरत आउटफिट्स में रैंप वॉक करते दिख रहे हैं। इनकी अदाएं और ड्रेस नेटिजंस का ध्यान खींच रही हैं।

### परी बन उर्वशी ने बिखेरा जलवा

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने रेड और व्हाइट कलर की ड्रेस पहन रखी है। साथ ही उन्होंने दो पंख भी लगा रखे हैं, जो उन्हें परी वाला लुक दे रहा है। फुल कॉन्फिडेंस के साथ वो रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं।

### लॉरेन गॉटलिब ने लगाए ठुमके

लॉरेन गॉटलिब अमेरिकन डांसर और एक्ट्रेस हैं। उन्होंने डिजाइनर ड्रेस पहन रखी है। लॉरेन ने स्टेज पर आते ही क्यूट मूमेंट्स दिए और हलके-फुलके ठुमके भी लगाए, जो नेटिजंस को ध्यान खींच रहा है।

### पूनम पांडे की अदाओं ने खींचा ध्यान

मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे ने डार्क और लाइट पर्पल कलर की ड्रेस पहन रखी है। इस वीडियो में उनकी अदाएं दर्शकों को आकर्षित कर रही है।



## मेरे लिए फैशन वह है जो आरामदायक हो: दिव्यांका त्रिपाठी

**मुंबई** में इन दिनों बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक 2025 चल रहा है। इसमें बॉलीवुड और टीवी की कई मशहूर हस्तियों ने हिस्सा लिया। यहां लोकप्रिय अभिनेत्री दिव्यंका त्रिपाठी दहिया भी दिखाई दीं। उन्होंने बातचीत में फैशन और ब्रांड्स पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि उनके लिए फैशन का क्या मतलब है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ब्रैंड के प्रति ज्यादा लगाव रखती हैं, तो दिव्यंका ने कहा, नहीं, मैं ब्रैंड पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मैं अपनी पसंद की चीजें लेना पसंद करती हूं, चाहे उनका ब्रांड कुछ भी हो। अगर वह मुझे पसंद आती है, तो वह अधिक महत्वपूर्ण है। जो मुझे सूट करता है और जो मुझे पसंद है, मैं वही चुनती हूं, चाहे उसका ब्रांड कुछ भी हो। उनके लिए फैशन के क्या मायने हैं, इस बारे में आगे बात करते हुए दिव्यंका ने आईएएनएस को बताया, मेरे लिए फैशन वह सब कुछ है जो आरामदायक हो। हां, यह आंखों को भाने वाला होना चाहिए, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि यह मेरे लिए आरामदायक होना चाहिए। जो भी चीज आरामदायक होने के साथ-साथ आकर्षक भी हो, वह फैशन है, चाहे वह सादा हो या शानदार।

दिव्यांका त्रिपाठी अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भारतीय परिधानों में दिखाई देती हैं। उनके फैशन सेंस का लोग जमकर तारीफ करते हैं। वह पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के परिधानों को अच्छी तरह से कैरी करती दिखाई देती हैं। दिव्यांका को टीवी सीरियल बनू मैं तेरी दुल्हन से प्रसिद्धि मिली। इसके बाद वो सीरियल ये है मोहब्बतें में डॉ. इशिता भल्ला की भूमिका निभाकर लोगों के दिलों में बस गईं। यह भारतीय टीवी सीरियल्स के लोकप्रिय पात्रों में से एक है। फैंस उन्हें प्यार से 'इशिमा' भी कहते हैं, जो शो में उनकी ऑनस्क्रीन बेटी उन्हें कहकर बुलाती है। दिव्यांका ने 2016 में अभिनेता विवेक दहिया से शादी की। यह कपल अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को फिटनेस और कपल गोल्स की प्रेरणा देता दिखाई देता है। यह कपल टीवी जगत की पसंदीदा जोड़ियों में से एक है।

### फिल्म बरसात से शुरू किया था करियर

# बॉबी देओल को सिनेमा में पूरे हुए 30 साल

**बॉबी** देओल को सिनेमा में आज 6 अक्तूबर को पूरे 30 साल हो गए हैं। अपनी इस खुशखबरी को बॉबी ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। साथ ही बताया कि अभी तो सिर्फ उन्होंने शुरुआत की है। बॉबी देओल को हिंदी सिनेमा में आज सोमवार 6 अक्तूबर, 2025 को पूरे 30 साल हो गए हैं। इस खुशी में बॉबी ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी फिल्म एनिमल, बरसात,गुप्त, सोल्जर, हमराज के अलावा अपनी सीरीज आश्रम और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के कई शानदार वीडियो और तस्वीरों का कोलाज शेयर किया।

### बॉबी का पोस्ट

बॉबी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी कई फिल्मों और सीरीज का एक शानदार कोलाज शेयर किया, जिसकी शुरुआत उन्होंने फिल्म एनिमल में अपने लुक से की। इस शानदार कोलाज के साथ बॉबी ने कैप्शन में लिखा, स्क्रीन पर और स्क्रीन के बाहर 30 वर्षों की अनेक भावनाएं... आपके प्यार ने सभी को सार्थक बना दिया। वह आग अभी भी जल रही है और मैं अभी शुरुआत कर रहा हूं।

### बॉबी को सेलेब्स ने दी शुभकामनाएं

बॉबी देओल को सिनेमा में पूरे 30 साल होने पर कई सेलेब्स और फैंस ने भी बधाई दी है। प्रतीक स्मिता पाटिल ने फायर के साथ किंग क्राउन का इमोजी शेयर किया है। वहीं एक्टर सिकंदर खेन ने लिखा, बॉबी को ढेर सारी बधाइयां, निर्देशक नीरज शर्मा ने लिखा, मेरे हीरो भाई को ढेर सारा प्यार, एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने लिखा, बधाई हो लॉर्ड बॉबी। यह तो बस शुरुआत है। आपको ढेर सारा प्यार। वहीं बॉबी के कई फैंस ने भी उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल पूरे होने पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।

### बॉबी का करियर

बॉबी देओल को सिनेमा में काम करते हुए पूरे 30 साल हो गए हैं। उन्होंने साल 1995 में फिल्म बरसात से अपने करियर की शुरुआत की थी। बरसात के बाद बॉबी ने गुप्त, सोल्जर, बादल, बिच्छू, अजनबी और हमराज जैसी कई सफल फिल्मों और हालिया रिलीज सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में मुख्य भूमिकाएं निभाईं। बहरहाल, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब बॉबी फिल्म अल्फा में नजर आएंगे।

### सोनम ने बहन रिया के पति करण को दीं

# जन्मदिन की शुभकामनाएं

**अभिनेत्री** सोनम कपूर ने बहन रिया कपूर के पति करण बुलानी को बेटे वायु का बेस्ट अंकल बताया है। जानिए सोनम ने करण के लिए और क्या कुछ लिखा? सोनम कपूर ने बहन रिया कपूर के पति करण बुलानी के जन्मदिन पर एक खास पोस्ट के जरिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सोनम ने करण को बेटे वायु का पसंदीदा कहानीकार और फनी अंकल (मौसा) बताया है। एक्ट्रेस ने करण और वायु की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

### सोनम ने शेयर की करण-वायु की तस्वीर

सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर वायु और करण की छुट्टियों की एक तस्वीर साझा की। तस्वीर में दोनों एक गद्देदार लकड़ी की बेंच पर बैठे हैं। करण एक लाइन वाली शर्ट और गहरे रंग के शॉर्ट्स पहने हुए एक कैजुअल लुक में नजर आ रहे हैं। जबकि वायु एक रंगीन टोपी, एक नेवी ब्लू टॉप और शॉर्ट्स में बहुत प्यारे लग रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए सोनम ने कैप्शन में लिखा, 'वायु के पसंदीदा कहानीकार, दोस्त और सबसे फनी मौसा को जन्मदिन की शुभकामनाएं। करण हम सब तुमसे बहुत प्यार करते हैं।'

## मुकेश खन्ना पर भड़के रजत बेदी, राकेश रोशन संग रिश्ते पर दी सफाई; बोले- मेरे बयान को गलत पेश किया

**सीरीज** बैड्स ऑफ बॉलीवुड से कमबैक करने वाले एक्टर रजत बेदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में मुकेश खन्ना को लेकर अपना गुस्सा जाहिर किया है। क्या है पूरा मामला, चलिए जानते हैं। बॉलीवुड अभिनेता रजत बेदी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने उस वायरल बयान पर खुलकर बात की, जिसमें उन्होंने कनाडा जाने को लेकर कहा था। रजत बेदी ने साफ कहा कि उनके पुराने इंटरव्यू को मुकेश खन्ना ने गलत तरीके से पेश किया, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। दरअसल कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर रजत बेदी का एक पुराना इंटरव्यू खूब वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने कहा था कि फिल्म 'कोई मिल गया' के बाद वो कनाडा चले गए थे। रजत के इंटरव्यू के बाद ऐसी अटकलें लगी थीं कि उन्हें फिल्म के प्रमोशन से अलग कर दिया गया था और इस वजह से उन्होंने देश छोड़ने का फैसला किया। लेकिन अब रजत बेदी ने सिद्धार्थ कनन के साथ इंटरव्यू में खुद सामने आकर इस पर सफाई दी है।

## 'टॉक्सिक' में काम करने पर उत्साहित हैं अक्षय ओबेरॉय, यश को बताया 'वन मैन इंडस्ट्री'

**अभिनेता** अक्षय ओबेरॉय हाल ही में फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आए हैं। यह फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। अब अक्षय ने फिल्म 'टॉक्सिक' में साउथ सुपरस्टार यश के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर्स के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया।

### खास हैं निर्देशक गीतू मोहनदास

बातचीत के दौरान अक्षय ओबेरॉय ने फिल्म 'टॉक्सिक' का हिस्सा होन पर खुशी जताई। साथ ही काम करने के अपने अनुभवों को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी फिल्म में काम करने का मौका मिलने के अलावा मुझे निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। मुझे उनकी पिछली फिल्में भी बहुत पसंद आई हैं। मुझे लगता है कि वह मेरी पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं, जिनके साथ मैंने अब तक काम किया है। वह मुझसे ऐसे तरीके से बात करती हैं जैसा कोई और निर्देशक नहीं कर पाता। वह लोगों से शानदार अभिनय करवा लेती हैं। एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता के साथ काम करना पहले से ही एक यादगार अनुभव था। अक्षय ने बताया कि टॉक्सिक की सबसे बड़ी उपलब्धि यश के साथ काम करने का मौका था। पूरी दुनिया यश की प्रशंसक है। उनके साथ काम करके, मैंने इतना कुछ सीखा कि मुझे एहसास हुआ कि मुझमें क्या कमी थी।

## कहो न कहो की धुन पर मल्लिका शेरावत फैंस संग थिरकी

**अभिनेत्री** मल्लिका शेरावत ने हाल ही में एक कार्यक्रम में शिरकत की, जहां उनके सुपरहिट गाने कहो न कहो ने माहौल को जोशपूर्ण बना दिया। इस मौके पर मल्लिका के फैंस और होस्ट गाने को गाते और झूमते नजर आए। अभिनेत्री ने इस खास पल का वीडियो पोस्ट किया। मल्लिका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें होस्ट पहले कहो न कहो गाना गाता है, जिसके साथ मल्लिका और उनके फैंस उत्साह के साथ थिरकने लगते हैं। होस्ट ने भीड़ को और जोश दिलाते हुए सभी को इस गाने को पूरे उत्साह के साथ गाने के लिए प्रेरित किया। माहौल इतना जीवंत था कि पूरा स्टेडियम एक साथ नाचता-गाता दिखाई दिया।

मल्लिका ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, जब मेरे फैंस मेरे साथ कहो ना कहो गाने पर झूमते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है। वो जोश, वो प्यार, वो मस्तीज पूरा स्टेडियम जैसे साथ नाच रहा हो। आपका प्यार ही है जो मुझे आगे बढ़ने की ताकत देता है, हमेशा। कहो न कहो गाना साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म मर्डर का है। इस गाने को आमिर जमाल ने गाया है, जबकि इसके बोल सैय्यद कादरी ने लिखे और संगीत अनु मलिक ने तैयार किया। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मल्लिका शेरावत और इमरान हाशमी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। यह फिल्म इमरान हाशमी के करियर की पहली हिट फिल्म मानी जाती है, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। फिल्म का निर्माण मुकेश भट्ट ने किया था, और यह उस समय की सुपरहिट थ्रिलर फिल्मों में से एक थी।

मल्लिका ने मर्डर, ख्वाहिशें, बचकर रहना रे बाबा, डर्टी पॉलिटिक्स, गुरु, वेलकम, प्यार के साइड इफेक्ट्स, डबल धमाल, और जीनत जैसी कई शानदार फिल्में दीं। इसी के साथ वह हॉलीवुड फिल्म द मिथ, पॉलिटिक्स ऑफ लव, और टाइम रेडर्स में भी नजर आ चुकी हैं।

### मलाइका के साथ

## नया शो लेकर आ रहे करण जौहर

**निर्माता-निर्देशक** करण जौहर अब एक नया शो लेकर आ रहे हैं। इस बार इस शो में उनके साथ अभिनेत्री व मॉडल मलाइका अरोड़ा, कॉस्ट्यूम डिजाइन मनीष मल्होत्रा भी नजर आएंगे। यह शो फैशन से संबंधित है, जहां फैशन स्टार्टअप शुरू करने वाले एंटरप्रेन्योर अपने आइडिया लेकर शो में आएंगे। जानिए कब से और कहां देख सकेंगे ये शो?

### 20 अक्तूबर से आएगा शो

करण जौहर, मलाइका अरोड़ा और मनीष मल्होत्रा फैशन से जुड़ा नया शो 'पिच टू गेट रिच' लेकर आ रहे हैं। शो का फॉर्मेट शॉर्क टैंक जैसा ही है। बस यहां सिर्फ फैशन स्टार्टअप से जुड़े लोग अपने आइडिया लेकर आ सकते हैं। वो पैनल को अपने आइडिया पिच करेंगे यानी सुनाएंगे और अपने स्टार्टअप के बारे में बताएंगे। जिसके बाद ये जज और गेस्ट उसमें पैसा लगाएंगे। शो के ट्रेलर को शेयर करते हुए करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जब फैशन के संस्थापक अमीर बनने के लिए पिच करते हैं, तो कचिंग-कचिंग तो लाजमी है। हॉटस्टार स्पेशल्स, 'पिच टू गेट रिच' 20 अक्तूबर से सिर्फ जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम करगा।'

### शो में नजर आएंगे कई सितारे

शो के ट्रेलर में करण, मलाइका और मनीष मल्होत्रा के अलावा भी कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आ रहे हैं। इनमें सारा अली खान, सैफ अली खान, अक्षय कुमार और अनन्या पांडे जैसे सितारे नजर आ रहे हैं। इस शो में फैशन से जुड़े कपड़ों से लेकर जूते-चप्पल, सैंडल, पर्स और हैंड बैग्स भी शामिल हैं।

## वॉर 2 में काम करने को लेकर बोले ऋतिक

**पिछले** महीने ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई। फिल्म की काफी तारीफ हुई। इसे बॉक्स ऑफिस पर मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म की पहली किस्त वॉर को रिलीज हुए 6 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म वॉर 2 की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और एक पोस्ट लिखी है। ऋतिक रोशन ने अपनी फिल्म वॉर 2 के कुछ दृश्य इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा कबीर का किरदार निभाना बहुत अच्छा था। क्योंकि मैं उन्हें पहले से जानता था। उनका किरदार निभाना आसान था। यह एक ऐसी फिल्म थी जो मैं भी कर सकता था। जैसे कई और करते हैं। यह बिल्कुल इसी तरह था जैसे अभिनेता का किरदार निभाएं, अपना काम करें और घर आ जाएं। मैंने भी वैसा ही किया। मेरे निर्देशक अयान ने मेरा बहुत साथ दिया। सेट पर वह बहुत एक्टिव रहे। सब कुछ एकदम बढ़िया था। मानो यह सब होना ही था।

साभार एजेंसी

# वनडे में 477 रन से जीती टीम

## इस खिलाडी ने 97 गेंदों में 217 रन बनाकर उडाया गर्दा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बडा स्कोर 498 रन का है, लेकिन करीब इसके बराबर के अंतर से तो एक टीम 50 ओवरों का क्रिकेट मैच जीत गई. जानिए ये मैच कहां हुआ और जो टीम जीती तो उसने रन कितने ज्यादा बनाए थे.

वनडे इंटरनेशनल में जितना एक टीम का स्कोर नहीं बनता, उससे ज्यादा के अंतर से टीम ने मैच जीता. हालांकि ये अंतर्राष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में नहीं हुआ, लेकिन जिस मैच की बात कर रहे हैं उसमे बल्लेबाज ने शॉट मार-मारकर गेंदबाजों का बुरा हाल कर दिया. एक ही बल्लेबाज ने 217 रनों की पारी खेली. ये हाई स्कोरिंग मुकाबला

50 ओवरों वाले मलेशियन मेंस अंडर 19 इंटर स्टेट चैंपियनशिप में देखने को मिला. ये मैच पुत्राजया 19 बनाम सालेनगोर 19 था. पहले बल्लेबाजी करते हुए सालेनगोर 19 की टीम ने इतना बडा स्कोर बनाया कि सामने वाली टीम बिखर गई और 477 रनों के बडे अंतर से हार गई.

### सालेनगोर 19 ने कितने रन बनाए

आपके मन में सवाल होगा कि कितने रन सालेनगोर ने बनाए जो वो 477 रनों से जीती. बता दें कि पहले बल्लेबाजी करते हुए सालेनगोर कि टीम ने 500 से ज्यादा रन बनाए, टीम ने 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 564 रन बनाए. इतने बडे स्कोर में मुहम्मद अकरम नाम के बल्लेबाज की बडी भूमिका रही, जिन्होंने दोहरा शतक ठोका.

### 83 रन पर ऑल आउट हुई पुत्राजया 19

पुत्राजया 19 टीम को जीतने के लिए 565 रनों का लक्ष्य मिला था, जो हासिल करना मतलब नामुमकिन ही था. लेकिन इतने बडे लक्ष्य का पीछा करते हुए इस टीम की इतनी बुरी हालत हो जाएगी, वो भी उन्होंने नहीं सोचा होगा. लक्ष्य का पीछा करते हुए पुत्राजया 19 टीम 21.5 ओवरों में 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस तरह सालेनगोर 19 ने इस मैच को 477 रनों से जीत लिया.

### मुहम्मद अकरम ने बनाए 217 रन

अकरम ने 217 रनों की पारी सिर्फ 97 गेंदों में खेली. उनकी इस विस्फोटक पारी के कारण ही सालेनगोर 19 टीम 564 रन बना पाई. जबकि विरोधी टीम के सभी बल्लेबाज मिलकर भी 100 रन नहीं बना पाए.

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रदर्शन

- 22 पदक, 30 से ज्यादा पर्सनल बेस्ट, 9 स्पर्धाओं में चौथा स्थान, 7 एशियाई और 3 वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की पदक तालिका में मेजबान भारत भले ही 10वें नंबर पर रहा, लेकिन उसने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने 22 मेडल झटके। भारत के 6 एथलीटों ने स्वर्ण, 9 ने रजत और 7 ने कांस्य पदक झटका। भारत के 30 से ज्यादा एथलीटों ने अपना पर्सनल बेस्ट (सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन) परफॉर्मेंस दिया। 9 खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे। 7 खिलाड़ियों ने एशिया का रिकॉर्ड अपने नाम किया। 3 एथलीटों ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप रविवार (5 अक्टूबर) को संपन्न हुआ। मेजबान भारत कुल 22 पदकों के साथ पदक तालिका में दसवें स्थान पर रहा। आखिरी दिन चार पदक जीतने के बावजूद तालिका में स्थान के लिहाज से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं रहा। भारत का तालिका के लिहाज से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले संस्करण में कोबे में रहा था। वह कुल 17 पदकों के साथ छठे स्थान पर रहा था।

### आखिरी दिन इन देशों से पिछड़ा भारत

आखिरी दिन से पहले कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड, इटली, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड के साथ भारत संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर था, जिनके पास छह-छह स्वर्ण पदक थे। हालांकि, शीर्ष पांच में जगह बनाने की होड़ में ईरान ने तीन स्वर्ण पदक जीते और तीसरे स्थान पर रहा। नीदरलैंड और पोलैंड ने क्रमशः दो और तीन स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष पांच में जगह बनाई, जबकि कोलंबिया, ग्रेट ब्रिटेन और इटली ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर भारत को दसवें स्थान पर धकेल दिया।

### तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड

भारत ने इस चैंपियनशिप में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाए। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 वर्ग में 71.37 मीटर भाला फेंककर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता शैलेश कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 स्पर्धा में 1.91 मीटर की छलांग लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार विश्व चैंपियन बने रिंकू हुड्डा ने पुरुषों की भाला एफ46 स्पर्धा में 66.37 मीटर की दूरी तय करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया। भारतीय पैरा एथलीटों ने इस आयोजन में 30 व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किए।

### ट्रैक में सबसे ज्यादा पदक

यह विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत द्वारा जीते गए सर्वाधिक ट्रैक पदक हैं। भारत ने नई दिल्ली में छह ट्रैक पदक जीते, जबकि कोबे में पिछले संस्करण में चार पदक जीते थे। सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर टी12 श्रेणी में 100 मीटर में स्वर्ण और 200 मीटर में रजत पदक झटका। प्रीति पाल ने 100 मीटर और 200 मीटर टी35 श्रेणियों में 100 मीटर में कांस्य और 100 मीटर में रजत झटका। संदीप कुमार पुरुषों की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ विश्व चैंपियनशिप में ट्रैक पदक जीतने वाले पहले पुरुष भारतीय पैरा एथलीट बने।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए पदक विजेता

**स्वर्ण**

सिमरन शर्मा - महिला 100 मीटर टी12।
शैलेश कुमार - पुरुष ऊंची कूद टी63।
रिंकू हुड्डा - पुरुष भाला फेंक एफ46।
सुमित अंतिल -पुरुष भाला फेंक एफ64।
संदीप सर्गर - पुरुष भाला फेंक एफ44।
निषाद कुमार - पुरुष ऊंची कूद टी47।

**रजत पदक**

सिमरन शर्मा- महिला 200 मीटर टी12।
प्रीति पाल- महिला 200 मीटर टी35।
एकता भयान- महिला क्लब थ्रो एफ51।
दीप्ति जीवनजी- महिला 400 मीटर टी20।
नवदीप सिंह- पुरुष भाला फेंक एफ41।
धरमबीर नैन- पुरुष क्लब थ्रो एफ51।
संदीप- पुरुष भाला फेंक एफ44।
योगेश कथुनिया- पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56।
सुंदर सिंह गुर्जर- पुरुष भाला फेंक एफ46।

**कांस्य पदक**

संदीप - पुरुष 200 मीटर टी44
सोमन राणा - पुरुष गोला फेंक एफ57
प्रवीण कुमार - पुरुष ऊंची कूद टी64
प्रीति पाल - महिला 200 मीटर टी35
प्रदीप कुमार -पुरुष चक्का फेंक एफ44
अतुल कौशिक - पुरुष चक्का फेंक एफ57
वरुण सिंह भाटी - पुरुष ऊंची कूद टी63

### मोहम्मद सिराज का दावा

# जसप्रीत बुमराह ओवल में खेलते तो खत्म हो जाता करियर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह को साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पीठ में दिक्कत हो गई थी। इसके कारण वह कुछ समय तक मैदान से दूर रहे। वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए। आईपीएल 2025 में 12 मैच खेले। इंग्लैंड दौरे पर केवल 3 टेस्ट खेले। एशिया कप में भारत की विजयी अभियान का हिस्सा रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में भी वह भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह केवल 3 मैच खेले थे। बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट को लेकर काफी बहस हुई थी। खासकर तब जब ओवल में आखिरी टेस्ट से पहले भारत 1-2 से पीछे चल रहा था। बुमराह इस मैच में न खेलने के अलावा स्क्वाड से रिलीज हो गए थे। इसके बाद बुमराह की काफी आलोचना हुई और कहा गया वह कौन मैच खेलेंगे और कौन सा नहीं खेलेंगे यह चुनने की उन्हें छूट नहीं दी जानी चाहिए। आइडिया एक्सेंज में ओवल टेस्ट के हीरो मोहम्मद सिराज से बुमराह के न खेलने को लेकर सवाल हुआ। इस पर सिराज ने बुमराह को पीठ की सर्जरी का हवाला देते हुए कहा कि ओवल में वह खेलते तो उनका करियर खत्म हो सकता था। भारतीय फैंस को समझना चाहिए कि बुमराह टीम की रीढ़ की तरह हैं। उन्होंने बेहतर फैसला लिया।

**सिराज ने क्या कहा**

बुमराह भाई बाहरी राय की परवाह नहीं करते। उनकी पीठ में गंभीर चोट थी और एक बड़ी सर्जरी भी हुई थी। अगर उन्होंने उस मैच में गेंदबाजी की होती और चोट उभर जाती तो क्या पता वह फिर कभी दोबारा गेंदबाजी कर पाते या नहीं। यह इतनी गंभीर है।

# हिकारू नाकामुरा ने डी गुकेश का किंग दर्शकों में फेंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शतरंज रविवार 5 अक्टूबर 2025 को एक नए विवाद में फंस गया, जब दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा ने टेक्सास के ई-स्पोर्ट्स एरिना अर्लिंग्टन में एक प्रदर्शनी मैच में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराने के बाद उनका किंग दर्शकों के बीच फेंक दिया। प्रदर्शनी मुकाबले में टीम यूएसए ने भारतीय टीम को हराया था।

भारतीय टीम में गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और दिव्या देशमुख जैसे दिग्गज खिलाड़ी थे, लेकिन वे नाकामुरा, फैबियानो कारुआना और कारिसा यिप वाली टीम के खिलाफ 0-5 से हार गए। इस मुकाबले का सबसे बड़ा मुद्दा नाकामुरा द्वारा गुकेश के किंग को दर्शकों के बीच फेंकना था, जिसके बारे में यूट्यूबर लेवी रोजमैन (जिन्हें गोथम शतरंज के नाम से जाना जाता है) जैसे अन्य खिलाड़ियों ने बताया कि खेल के आयोजकों ने ही खिलाड़ियों को ऐसा करने का सुझाव दिया था। इस कृत्य की आलोचना की है, जबकि अनीश गिरी ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि इतना हंगामा किस बात का है।

## फुटबॉलः

### लेवानदॉस्की की चूक से बार्सिलोना को मिली हार, पुलिसिच की गलती से रुका मिलान का जीत का सिलसिला

**लंदन, एजेंसी।** स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रविवार का दिन बार्सिलोना के लिए निराशाजनक रहा। टीम को सेविला के खिलाफ 1-4 की करारी हार झेलनी पड़ी, जो उसकी लगातार दूसरी हार है। इससे पहले बार्सिलोना को चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन (क्लब) के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। इस मुकाबले में रॉबर्ट लेवानदॉस्की के पास पेनल्टी के जरिए गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन वह गोल पोस्ट को भेद नहीं सके। उनके शॉट को सेविला के गोलकीपर ने बेहतरीन तरीके से रोक लिया, जिससे टीम के वापसी के मौके लगभग खत्म हो गए। मैच के दौरान टीम के युवा स्टार लेमिन यमाल चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए, जिससे जावी की टीम के लिए मुश्किलें और बढ़ गईं। इस हार के साथ बार्सिलोना अंक तालिका में पिछड़ गई है, जबकि रियल मैड्रिड ने शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। रियल मैड्रिड ने शनिवार को विलारीयाल को 3-1 से हराकर दो अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना, जो इस मैच से पहले तक अजेय थी, अब अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले अपनी रणनीति पर गंभीर समीक्षा करेगी।

**पुलिसिच की पेनल्टी मिस से रुक गया मिलान का जीत का सिलसिला:** इटली की सिरी ए लीग में भी रविवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला जब एसी मिलान को यूवेंटस के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ पर रुकना पड़ा। इस मैच में स्टार अमेरिकी खिलाड़ी क्रिस्टियन पुलिसिच ने पेनल्टी का मौका गंवा दिया। पुलिसिच, जिन्होंने इस सीजन में मिलान के लिए छह गोल दागे और दो असिस्ट किए हैं, ने मैच के अहम क्षण में गोल करने का मौका खो दिया। उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से चला गया और टीम को जीत से वंचित कर दिया। यह पुलिसिच के पेशेवर करियर का केवल दूसरा मौका था जब वे पेनल्टी को गोल में नहीं बदल सके। पिछले सीज़न में भी उनके शॉट को टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच-सावित्च ने रोका था।

**अंक तालिका में फिसली मिलान, नेपोली और रोमा ने जीते मुकाबले:** इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान की लगातार पांच जीतों की लड़ी टूट गई है। टीम अब तीसरे स्थान पर खिसक गई है और नेपोली व रोमा से दो अंक पीछे है, जिन्होंने अपने मुकाबले जीतकर शीर्ष की दौड़ में जगह बनाए रखी है। नेपोली ने एक गोल से पिछड़ने के बाद जिनोआ को 2-1 से हराया, जबकि रोमा ने भी फायोरेंटिना को 2-1 से मात दी।



### ROKO के वनडे फ्यूचर पर इस क्रिकेटर की दो टूक

# रोहित-विराट को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेलने हैं. इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 4 अक्टूबर को किया गया. टी20 टीम में तो ज्यादा फेरबदल नहीं हुआ, लेकिन वनडे टीम बदली-बदली नजर आ रही है. सबसे बड़ा बदलाव यह हुआ है कि रोहित शर्मा से वनडे की कप्तानी छीन ली गई है. रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम का नया कप्तान बनाया गया है.

इसके अलावा श्रेयस अय्यर को वनडे उप-कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है.वैसे रोहित शर्मा और विराट कोहली 15 सदस्यीय ओडीआई स्क्वॉड का हिस्सा हैं. रोहित-कोहली आखिरी बार इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में खेले थे. उसके बाद से ये दोनों प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं. टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि अगर रोहित और विराट 2027 वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, तो उन्हें लगातार क्रिकेट खेलना होगा.

इरफान का मानना है कि सिर्फ फिटनेस नहीं, बल्कि मैच फिटनेस बनाए रखना जरूरी है.

# पहले एशिया कप, अब वर्ल्ड कप संडे बना पाकिस्तानियों के लिए बैड डे, टीम इंडिया ने चार बार सिखाया सबक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ वूमेन्स ओडीआई में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है. भारतीय टीम की महिला वर्ल्ड कप 2025 में ये लगातार दूसरी जीत रही. अब भारतीय टीम 9 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका का सामना करने जा रही है. भारत पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को क्रिकेट के मैदान पर भी लगातार परास्त कर रहा है. अब आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 88 रनों से धो दिया. 5 अक्टूबर (रविवार) को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान के सामने 248 रनों का टारगेट सेट किया था. ये टारगेट पाकिस्तानियों के लिए पहाड़ सरीखा साबित हुआ. पाकिस्तान की पूरी टीम 43 ओवरों में 159 रनों पर ही ढेर हो गई. देखा जाए तो भारत ने बैक टू बैक चार रविवार (संडे) को पाकिस्तानी टीम के खिलाफ मुकाबले जीते हैं. पाकिस्तान के लिए हर रविवार किसी दुःस्वप्न से कम नहीं रहा है. 14 सितंबर, 21 सितंबर और 28 सितंबर- इन तीनों तारीखों को भारत ने मेन्स एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को पटखनी दी. अब, 5 अक्टूबर को भारतीय टीम ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को मात दिया. यानी भारत ने लगातार चौथे रविवार जीत का परचम लहराया है. 14 सितंबर को भारतीय पुरुष टीम ने एशिया कप 2025 के ग्रुप मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से परास्त किया. फिर 21 सितंबर को पाकिस्तानी टीम भारत के हाथों सुपर-चार मुकाबले में 6 विकेट से पिटी.

# संघीय न्यायाधीश ने ओरेगन में सेना भेजने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर अस्थाई रोक लगाई

» वाशिंगटन, भाषा।

अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन को ओरेगन में नेशनल गार्ड की तैनाती से रविवार को अस्थाई रूप से रोक दिया, जिसमें कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड भी शामिल है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कैलिफोर्निया से सैनिकों को ओरेगन भेज दिया था, जिसके बाद कैलिफोर्निया और ओरेगन ने अदालत से रोक लगाने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया था। शनिवार को इसी न्यायाधीश ने ओरेगन नेशनल गार्ड को पोर्टलैंड भेजने पर भी रोक लगाई थी। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के एक प्रवक्ता के अनुसार, पहले लॉस एंजिलिस में तैनात कैलिफोर्निया गार्ड के लगभग 200 सदस्यों को पोर्टलैंड भेजा जा रहा था। ओरेगन की गवर्नर टीना कोटेक ने कहा कि इस तैनाती को लेकर संघीय सरकार से कोई औपचारिक बातचीत नहीं हुई है। ओरेगन और कैलिफोर्निया ने अब अदालत से सभी राज्यों की नेशनल गार्ड तैनाती पर रोक लगाने की मांग की है।

ओरेगन के अटॉर्नी जनरल डैन रेफील्ड ने कहा, जो कल अवैध था, वह आज भी अवैध है। राष्ट्रपति इसे दरकिनार नहीं कर सकते। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूज़म ने इस कदम को कानून और शक्ति का दुरुपयोग बताया और कहा कि राष्ट्रपति सेना को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। कैलिफोर्निया ने भी इस फैसले को चुनौती देने के लिए ओरेगन के साथ मुकदमा दायर किया है। अदालत में दायर याचिका में कहा गया कि राष्ट्रपति केवल कुछ परिस्थितियों में ही नेशनल गार्ड भेज सकते हैं जैसे आक्रमण रोकना, विद्रोह दबाना या संघीय कानून लागू करना और पोर्टलैंड

में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। पोर्टलैंड में विरोध प्रदर्शन केवल एक ब्लॉक तक सीमित है, फिर भी राष्ट्रपति ने इसे युद्धग्रस्त शहर कहा। न्यायाधीश करिन इम्मरगट ने कहा कि इतने छोटे स्तर के विरोध प्रदर्शन में संघीय बलों की तैनाती राज्य की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाएगी। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति जानबूझकर डेमोक्रेटिक झुकाव वाले शहरों को निशाना बना रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रपति ने शनिवार को इलिनोइस में भी 300 नेशनल गार्ड सैनिकों को शिकागो भेजने की अनुमति दी है। हालांकि, गवर्नर जे.बी. प्रिट्जकर ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यहां सेना की जरूरत नहीं है।

## इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अमेरिकी सील ने ही लादेन के सिर में गोली मारी थी : ट्रंप

**न्यूयार्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर धावा बोलने और उसके सिर में गोली मारने वाले अमेरिकी नेवी सील के जवान थे। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि 2001 में अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर्स पर हमले से एक साल पहले ही उन्होंने लादेन के बारे में चेतावनी दी थी। अमेरिकी नौसेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष समारोह के दौरान रविवार को वर्जीनिया के नॉरफोक में ट्रंप ने कहा, इतिहास कभी नहीं भूलेगा कि वो नेवी सील के जवान थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन के परिसर में घुसकर उसके सिर में गोली मारी थी। याद रखिएगा। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने 9/11 हमले से एक साल पहले ही अधिकारियों से लादेन पर नजर रखने को कहा था। उन्होंने कहा, कृपया याद रखें, मैंने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले से ठीक एक साल पहले ओसामा बिन लादेन के बारे में लिखा था। मैंने कहा था, आपको ओसामा बिन लादेन पर नजर रखनी होगी। मैंने एक साल पहले कहा था कि मैंने ओसामा नाम के एक व्यक्ति को देखा है और मुझे वह पसंद नहीं आया। मैंने कहा था कि उस पर नजर रखनी होगी। ट्रंप ने कहा, उन्होंने नजर नहीं रखी। एक साल बाद उसने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर को उड़ा दिया। इसलिए मुझे थोड़ा श्रेय लेना चाहिए, क्योंकि कोई और तो मुझे देगा नहीं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने ही लादेन के शव को जहाज यूएसएस कार्ल विंसन से समुद्र में फेंक दिया था। मई 2011 में अमेरिकी नेवी सील ने एक अभियान में लादेन को मार गिराया था, जो पाकिस्तान के एबटाबाद में एक मकान में छिपा हुआ था। यह कार्रवाई तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में की गई थी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व में अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी के आलोचक रहे ट्रंप ने यह भी कहा, अमेरिका, अफगानिस्तान में आसानी से जीत जाता। हम हर युद्ध आसानी से जीत सकते थे।

## अमेरिका में रिपब्लिकन, डेमोक्रेट्स के बीच गतिरोध जारी रहने से छठे दिन भी शटडाउन

**वाशिंगटन, (भाषा)।** अमेरिका में संघीय सरकार के छह दिन से जारी शटडाउन को खत्म करने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के बीच गतिरोध बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इसके कारण सरकारी कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो चुकी है और उन्होंने डेमोक्रेट्स को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि शटडाउन के दौरान सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर बजट पर अधिक नियंत्रण पाया जा सकता है। रविवार रात जब ट्रंप से पूछा गया कि संघीय कर्मचारियों को कब निकाला जाएगा, जैसा कि उन्होंने धमकी दी है, तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह अभी हो रहा है और यह सब डेमोक्रेट्स की वजह से हो रहा है। उन्होंने कहा, डेमोक्रेट्स बहुत सारी नौकरियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ट्रंप ने इस सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया कि किन एजेंसियों में कटौती की जाएगी। अमेरिका में फिलहाल शटडाउन लागू है, जिसमें सरकारी वित्तपोषण पर रोक है। शटडाउन को खत्म करने के लिए संसद के दोनों सदनों, सीनेट और प्रतिनिधि सभा में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच सहमति नहीं बन पाई है। डेमोक्रेटिक पार्टी स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी जारी रखने की मांग कर रही है, जबकि ट्रंप मौजूदा खर्च के स्तर बनाए रखना चाहते हैं। उनका तर्क है कि नौकरियों और परियोजनाओं पर खतरे के चलते डेमोक्रेट्स अंततःझुकेंगे। इस राजनीतिक टकराव के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी और महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है। डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीज ने कहा कि पिछले सोमवार के बाद से रिपब्लिकन नेताओं के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने ट्रंप पर गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया। वहीं, सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन राष्ट्रपति ऐसा नहीं चाहते। डेमोक्रेटिक सीनेटर एडम शिफ ने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी खत्म होने से लाखों अमेरिकियों के लिए इलाज महंगा हो जाएगा। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर कांग्रेस द्वारा स्वीकृत वित्त पोषण रोकने का भी आरोप लगाया। जब तक दोनों दलों में आपसी सहमति नहीं बनती है तब तक शटडाउन जारी रहेगा।

### विशेष चुनाव डेमोक्रेटों का एक दांव

## कैलिफोर्निया में नए नक्शों पर मतदान जारी, यूएस हाउस पर बदल सकता है नियंत्रण

» लॉस एंजिलिस, भाषा।

भले ही मध्यावधि चुनाव को अभी एक साल बाकी हो लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (यूएस हाउस) पर नियंत्रण की लड़ाई कैलिफोर्निया में शुरू हो चुकी है। कांग्रेस के जिलों को बदलने के एक प्रस्ताव पर पूरे कैलिफोर्निया राज्य में सोमवार को मतदान शुरू हो गया है। इस बदलाव से डेमोक्रेटों को पांच और सीटें मिल सकती हैं, जो 2026 के चुनाव में रिपब्लिकनों को फायदा पहुंचाने की ट्रंप की कोशिशों का सफल जवाब हो सकता है। इस 70-शब्दों के हां या नहीं वाले प्रश्नों का नतीजा तय करेगा कि विभाजित प्रतिनिधि सभा पर कौन सी पार्टी नियंत्रण करेगी। साथ ही यह भी निर्धारित होगा कि क्या डेमोक्रेट आप्रवासन से लेकर प्रजनन अधिकारों जैसे मुद्दों पर ट्रंप के कार्यकाल के दूसरे भाग में उनकी शक्ति को कमजोर कर पाएंगे या नहीं। डेमोक्रेटिक सलाहकार रोजर सालाजार ने कहा कि यह प्रस्ताव 2026 की दौड़ के लिए एक शुरुआती बिंदु है।

उन्होंने कहा,सब कुछ 2026 के चुनाव पर निर्भर करता है। कैलिफ़ोर्निया के इस मतदान उपाय का राष्ट्रीय महत्व साफ दिखाई देता है। यह महत्व इस बात से पता चलता है कि इसने कितना पैसा आकर्षित किया है और इसमें कौन-कौन सी हस्तियां शामिल हो रही हैं। इस चुनावी दौड़ में करोड़ों डॉलर का निवेश हो रहा है, जिसमें हाउस स्पीकर माइक जॉनसन से जुड़े सुपर पीएसी, कांग्रेसनल लीडरशिप फंड की ओर से विरोधियों को दिया गया 50 लाख अमेरिकी डॉलर का चंदा भी शामिल है। पूर्व एक्शन-फिल्म अभिनेता और रिपब्लिकन गवर्नर अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है। वहीं पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा इसके समर्थन में हैं। ओबामा ने इसे प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रिपब्लिकनों द्वारा की जा रही पैंतरेबाजी का मुकाबला करने का स्मार्ट तरीका बताया है। जो चुनाव चार नवंबर को समाप्त होगा वह 2028 के आगामी राष्ट्रपति चुनाव को भी प्रभावित करेगा। नए और बदले हुए जिलों के अभियान का मुख्य चेहरा माने जाने वाले डेमोक्रेटिक गवर्नर गैविन न्यूजोम को इस चुनाव में व्यापक रूप से एक संभावित दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। जो कैलिफोर्निया में होगा, क्या वही पूरे देश में भी होगा? न्यूजोम ने हाल ही में समर्थकों को भेजे गए एक चंदा जुटाने वाले पत्र में लिखा, अगर हम हार गए तो भगवान ही हमारी मदद करे। उन्होंने कहा डेमोक्रेटों के लिए यह पूरी तरह से एकजुट होकर काम करने का समय है। यह असामान्य विशेष चुनाव डेमोक्रेटों का एक दांव है। इसका उद्देश्य टेक्सास में पांच रिपब्लिकन जिले हासिल करने के ट्रंप के प्रयास को कमजोर करना है। ट्रंप का यह कदम प्रतिनिधि सभा पर रिपब्लिकन पार्टी की कमजोर पकड़ को मजबूत करने के इरादे से उठाया गया था। देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों के बीच यह मुकाबला पूरे राष्ट्र में फैल गया है। इसी कड़ी में मिसौरी राज्य भी अपने प्रतिनिधि सभा के मानचित्रों को फिर से बना रहा है, जिन्हें हर राज्य अपनी सुविधा के अनुसार तैयार कर रहा है।

## सीरिया में असद के सत्ता से बेदखल होने के बाद पहला चुनाव

» दमिश्क, भाषा।

सीरिया में विद्रोहियों के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के बाद बशर अल-असद को सत्ता से हटाए जाने के लगभग एक वर्ष बाद रविवार को संसदीय चुनाव हुए। एक दशक से अधिक तक चले गृहयुद्ध के बाद देश राजनीतिक परिवर्तन से गुजर रहा है। इस दौरान पीपुल्स असेंबली को नए चुनाव कानून और संविधान को पारित करने का काम सौंपा जाएगा। देश भर में मतदान केंद्रों के आसपास सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। अंदर निर्वाचक मंडल के सदस्य मतदान केंद्रों में प्रवेश कर अपने मतपत्रों में नामों की सूची भर रहे थे, जिन्हें फिर एक सीलबंद डिब्बे में रखा गया और उम्मीदवारों, पत्रकारों और सीरियाई बार एसोसिएशन के पर्यवेक्षकों के सामने उनकी गिनती की गई। इस चुनाव में 210 सदस्यीय संसद सीटों में से दो-तिहाई सीटों का चुनाव प्रांत-आधारित निर्वाचक मंडलों के माध्यम से होगा।

जिसमें सीटें जनसंख्या के हिसाब से वितरित की जाएंगी जबकि एक-तिहाई सीटों पर अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा द्वारा सीधे तौर पर नियुक्ति की जाएगी। नई संसद का कार्यकाल 30 महीनों का होगा और इस दौरान भविष्य के चुनाव की तैयारी की जाएगी। सैद्धांतिक रूप में 60 जिलों में 7,000 निर्वाचक मंडल सदस्य 140 सीटों के लिए मतदान करने के पात्र हैं लेकिन स्थानीय प्राधिकारों और दमिश्क के बीच तनाव के कारण स्वीडा प्रांत और कुर्द-नेतृत्व वाली सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिए गए थे। दमिश्क में मतदान नेशनल लाइब्रेरी सेंटर में हुआ था, जहां अल-शारा ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी लेने के बाद एक भाषण में कहा निर्माण की प्रक्रिया व समृद्धि के साथ आगे बढ़ने के लिए कई लंबित कानूनों पर मतदान होना आवश्यक है। शारा ने कहा, सीरिया का निर्माण एक सामूहिक लक्ष्य है और सभी सीरियाई लोगों को इसमें योगदान देना चाहिए।

**न्यूज ब्रीफ**

## माउंट एवरेस्ट पर बर्फीले तूफान के बाद 200 से अधिक पर्वतारोही फंसे, 350 बचाए गए

» बीजिंग, भाषा।

माउंट एवरेस्ट के तिब्बती ढलानों पर बर्फीले तूफान के बाद 200 से अधिक पर्वतारोही फंस गए हैं, जबकि 350 अन्य को ग्रामीणों और बचाव दलों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। रविवार को शिविर स्थलों पर फंसे पर्वतारोहियों की स्थिति हिमपात होने के कारण और भी खराब हो गई। सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण और बचावकर्मी आवश्यक सामान लेकर घटनास्थल की ओर पहुंचे, जहां शुक्रवार से लगातार हिमपात हो रहा है। बीबीसी ने सोमवार को सरकारी चैनल सीसीटीवी के हवाले से बताया कि 200 से अधिक पर्वतारोही अब भी बर्फीले तूफान में फंसे हुए हैं। लगभग 350 पर्वतारोहियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पहले की खबरों में कहा गया था कि चीन की ओर स्थित कर्मा घाटी में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट की ढलानों पर 1,000 से अधिक पर्यटक पर्वतारोही फंसे हुए हैं।

फंसे पर्वतारोहियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से पता चलता है कि रविवार को दूरस्थ क्षेत्र में बादलों की गरज के बीच, तेज हवाओं और लगातार बर्फबारी के कारण रास्ते पूरी तरह से बर्फ में दब गए। चीन में माउंट एवरेस्ट को माउंट क्योमोलांग्मा कहा जाता है, जिसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से अधिक है और यह दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इस बीच, दक्षिण चीन के ग्वांगदोंग प्रांत के झानजियांग शहर के शूवेन काउंटी के पूर्वी तट पर रविवार को तूफान मैत्मो ने दस्तक दी। स्थानीय सरकारों ने ग्वांगदोंग और हैनान के दक्षिणी प्रांतों से लगभग 3,47,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

## गाजा में संभावित युद्ध विराम को लेकर इजराइल, हमास के अधिकारियों की रिसॉर्ट में होगी बैठक

» काहिरा, भाषा।

इजराइल और हमास के अधिकारी सोमवार को मिस्र के एक रिसॉर्ट में बैठक कर रहे हैं, ताकि गाजा में संभावित युद्ध विराम पर सहमति बन सके। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि अप्रत्यक्ष वार्ता लाल सागर के शर्म अल शेख रिसॉर्ट में होगी, जहां शीर्ष वार्ताकार रॉन डेरमर के नेतृत्व में इजराइली प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पहुंचने वाला है। चरमपंथी समूह ने एक बयान में कहा कि खलील अल-हय्या के नेतृत्व में हमास का प्रतिनिधिमंडल रविवार को मिस्र पहुंचा।

इसमें कहा गया है कि वार्ता युद्ध विराम के प्रथम चरण पर केन्द्रित रहेगी, जिसमें इजराइली सेना की आंशिक वापसी तथा इजराइली हिरासत में मौजूद फलस्तीनी कैदियों के बदले में, गाजा में चरमपंथियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई शामिल है। मिस्र के सरकारी समाचार पत्र अल-अहरम की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के भी वार्ता में शामिल होने की उम्मीद है। क्षेत्र में शांति के लिए यह नवीनतम प्रयास हमास द्वारा अमेरिकी शांति योजना की कुछ शर्तों को स्वीकार करने के बाद हो रहा है, जिसका ट्रंप ने स्वागत किया है। इजराइल ने कहा है कि वह अमेरिका के इस नए प्रयास का समर्थन करता है। इस योजना के तहत, हमास शेष 48 बंधकों को तीन दिनों के भीतर सौंप देगा, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने की संभावना है। साथ ही, हमास सत्ता छोड़ देगा और निरस्त्रीकरण करेगा। इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसने विस्फोटक उपकरणों और मोर्टार से लैस एक आतंकी इकाई को नष्ट कर दिया, जिसका मकसद रविवार को इजराइली सैनिकों पर हमला करने का था। इसने एक अन्य आतंकी इकाई को भी नष्ट कर दिया जिसने मोर्टार दागा था, जिसमें एक सैनिक घायल हो गया। साथ ही, इसने उस ढांचे को भी नष्ट कर दिया जहां से इजराइली सेना की इंजीनियरिंग मशीनरी पर एक टैंक-रोधी मिसाइल दागी गई थी। हमास के नेतृत्व वाले चरमपंथियों ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में किए गए हमले में 251 लोगों का अपहरण कर लिया और लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। इस हमले के बाद युद्ध छिड़ गया। युद्धविराम या अन्य समझौतों के तहत ज्यादातर बंधकों को रिहा कर दिया गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि युद्ध में जान गंवाने वाले फलस्तीनियों की संख्या रविवार तक 67,139 तक पहुंच गई, तथा लगभग 1,70,000 लोग घायल हुए।

## टेक्सास में मां ने अपने ही चार बच्चों पर गोलियां चलाईं, दो की मौत

» एंगलटन, भाषा।

अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक महिला ने कथित तौर पर अपने चार बच्चों पर गोलियां चलाईं, जिससे उनमें से दो की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ब्रेजोरिया काउंटी के शेरिफ बो स्टालमैन ने पत्रकारों को बताया कि उस 31 वर्षीय महिला पर हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले के दो-दो मामले दर्ज किए गए हैं और उसे 1.4 डॉलर के बॉन्ड पर हिरासत में लिया गया है।

स्टालमैन ने कहा कि चार बच्चों में से दो की उम्र 13 और 4 साल थी, जो शनिवार को एक वाहन के अंदर गोली लगने से मारे गए। अन्य बच्चों की उम्र 8 और 9 साल है, जिन्हें एक मेडिकल हेलीकॉप्टर द्वारा ह्यूस्टन क्षेत्र के एक अस्पताल में ले जाया गया है और उनकी हालत स्थिर है। स्टालमैन ने बताया कि गोली चलाने के बाद महिला ने अधिकारियों को सूचित करने के लिए कॉल किया था। अधिकारियों ने घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया है। स्टालमैन ने कहा, इस तरह की संवेदनहीन त्रासदी को समझना असंभव है लेकिन हम इन बच्चों को न्याय दिलाने के लिए वह सब करेंगे जो हम कर सकते हैं।

## सेबेस्तियन लेकोर्नू ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया

**पेरिस।** फ्रांस के नए प्रधानमंत्री सेबेस्तियन लेकोर्नू ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लेकोर्नू ने एक दिन पहले ही अपने मंत्रिमंडल की घोषणा की थी और वह एक महीने से भी कम समय तक पद पर रहे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने लेकोर्नू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। लेकोर्नु द्वारा मंत्रियों के चयन की राजनीतिक हलकों में आलोचना की गई थी, विशेष रूप से पूर्व वित्त मंत्री ब्रूनो ले माएर को रक्षा मंत्रालय में वापस लाने के उनके निर्णय की।अन्य प्रमुख पद पिछले मंत्रिमंडल से काफी हद तक अपरिवर्तित रहे, रूढ़िवादी ब्रूनो रिताइलो आंतरिक मंत्री बने रहे, जो पुलिस और आंतरिक सुरक्षा के प्रभारी थे, जीन-नोएल बारोत विदेश मंत्री जबकि गेराल्ड डर्मेनिन को न्याय मंत्रालय का प्रभार दिया गया था।

## चीन के दस लोगों को ले जा रही एक नाव डेन्यूब नदी में पलटी, कुछ लोग लापता

**बेलग्राद।** सर्बिया और क्रोएशिया की सीमा पर डेन्यूब नदी में चीन के दस नागरिकों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने के बाद बचाव दल कई लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। सरकारी प्रसारक आरटीएस की एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गई।खबर के मुताबिक, घटना देर रात उस समय हुई, जब चीन के दस और एक सर्बियाई नागरिक नाव में सवार थे। खबर में बताया गया कि कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह दुर्घटना बेलग्राद से लगभग 90 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में सर्बिया के बैका पलंका के पास हुई। पुलिस ने अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। सर्बिया और क्रोएशिया के स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह समूह सर्बियाई नाविक की मदद से यूरोपीय संघ के सदस्य क्रोएशिया में अवैध रूप से घुसने करने की कोशिश कर रहा था। सर्बिया पश्चिमी यूरोप के बाल्कन स्थलीय मार्ग पर स्थित है।

### इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल के प्रार्थना कक्ष

### 97 छात्रों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई

## इंडोनेशिया में बचाव दल स्कूल ढहने के बाद लापता छात्रों की तलाश में जुटे, 49 की मौत

» सिदोअर्जो, भाषा।

इंडोनेशिया में पिछले हफ्ते एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल के प्रार्थना कक्ष के ढहने के बाद लापता छात्रों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने सप्ताहांत में कई छात्रों के शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 49 हो गई है। स्कूल ढहने की इस घटना में अब भी 14 छात्रों के लापता होने का अंदेशा है। बचाव दल लापता छात्रों को खोजने के प्रयास में मशीनों और उपकरणों की मदद से अब तक कई टन मलबा हटा चुके हैं। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के अनुसार, बचावकर्मियों को सप्ताहांत में ही 35 शव मिले।

इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पूर्वी हिस्से में सिदोअर्जो स्थित एक सदी पुराने अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल की इमारत 29 सितंबर को ढह गई थी। घटना वाले स्थान पर सैकड़ों छात्र मौजूद थे जिनमें ज्यादातर 12 से 19 साल के लड़के थे। अधिकारियों ने बताया कि केवल एक छात्र सुरक्षित बच पाया, जबकि चोटिल हुए 97 छात्रों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। गंभीर रूप से घायल छह अन्य रविवार तक अस्पताल में भर्ती रहे। पुलिस ने कहा कि दो मंजिला इमारत में बिना अनुमति के दो और मंजिलें बनाई जा रही थीं, जिससे ढांचा उस भार को सहन नहीं कर पाया और ढह गया। इस घटना से इंडोनेशिया में अवैध निर्माण को लेकर व्यापक आक्रोश फैल गया है। टेन्थ नवंबर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निर्माण विशेषज्ञ मुदजी इरमावन ने कहा, तीसरी मंजिल के निर्माण के लिए कंक्रीट डालते समय इमारत भार सहन नहीं कर सकी और 800 वर्ग मीटर (8,600 वर्ग फुट) पर हुआ पूरा निर्माण ढह गया। इरमावन ने यह भी कहा कि छात्रों को निर्माणाधीन इमारत के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी। सिदोअर्जो जिले के प्रमुख सुबंदी ने पुलिस की घोषणा की पुष्टि की कि स्कूल प्रबंधन ने निर्माण शुरू करने से पहले आवश्यक अनुमति के लिए आवेदन नहीं किया था। सुबंदी ने रविवार को एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया, गैर-शहरी इलाकों में पारंपरिक बोर्डिंग स्कूल विस्तार सहित कई इमारतें बिना अनुमति के बनाई गई थीं। इंडोनेशिया के 2002 की भवन निर्माण संहिता के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य से पहले संबंधित अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है, अन्यथा मालिकों को जुर्माना और कारावास का सामना करना पड़ सकता है। अगर नियम उल्लंघन के कारण मृत्यु हो जाती है तो 15 साल तक की जेल और आठ अरब रुपिया (लगभग 5,00,000 अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना हो सकता है। स्कूल की देखभाल करने वाले अब्दुस सलाम मुजीब पूर्वी जावा के एक प्रतिष्ठित इस्लामी धर्मगुरु हैं। उन्होंने घटना के एक दिन बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। उन्होंने कहा, यह वास्तव में ईश्वर की इच्छा है, इसलिए हम सभी को धैर्य रखना चाहिए और ईश्वर भला करे, कुछ बेहतर प्रदान करे। हमें ईश्वर में भरोसा रखना चाहिए कि वह इस घटना से प्रभावित लोगों के जीवन में कुछ बेहतर करेगा और उन्हें आशीर्वाद देगा।

## पश्चिमी बाल्कन नेताओं की अल्बानिया में बैठक

» गोलेम (अल्बानिया), भाषा।

पश्चिमी बाल्कन देशों के राष्ट्रपति सोमवार को अल्बानिया में एकत्रित हुए और बढ़ती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच यूरोपीय संघ के साथ अपने आर्थिक एकीकरण को गति देने के तरीकों पर चर्चा की। अल्बानिया की राजधानी तिराना से 50 किलोमीटर पश्चिम में गोलेम में होने वाली यह बैठक, यूरोपीय संघ के सदस्यों स्लोवेनिया और क्रोएशिया द्वारा 2013 में शुरू की गई कूटनीतिक पहल के तहत आयोजित होने वाली एक वार्षिक बैठक है। इसका उद्देश्य पश्चिमी बाल्कन में यूरोपीय संघ के विस्तार का समर्थन करना था - एक ऐसा क्षेत्र जिसमें अल्बानिया, बोस्निया, सर्बिया, मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसेडोनिया और कोसोवो शामिल हैं।

सभी देश यूरोपीय संघ में शामिल होने के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनकी सदस्यता की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में है। इस मामले में मोंटेनेग्रो और अल्बानिया आगे हैं तथा सर्बिया, बोस्निया, कोसोवो और उत्तरी मैसेडोनिया पीछे हैं। चौबीस फरवरी, 2022 को यूक्रेन में शुरू हुए भीषण युद्ध के बाद से यूरोपीय संघ में नए सदस्यों को स्वीकार करने की इच्छा बढ़ी है। ऐसी चिंताएं हैं कि यूक्रेन में युद्ध और रूस का पश्चिम के साथ गहराता टकराव उस क्षेत्र में भी फैल सकता है जो अभी भी अपने संघर्षों से त्रस्त है। यह पहल 1990 के दशक के युद्धों के बाद राजनीतिक संवाद को मजबूत करने और सुलह को बढ़ावा देने का प्रयास करती है, जहां तनाव अभी भी सुलग रहा है, उदाहरण के लिए सर्बिया और कोसोवो के बीच। इस बड़े पैमाने पर औपचारिक वार्षिक सम्मेलन का नेतृत्व अल्बानियाई राष्ट्रपति बजराम बेगज, स्लोवेनियाई राष्ट्रपति नताशा पिरक मुसर और क्रोएशियाई राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविच कर रहे हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,